• जयपुर, शुक्रवार, 28 जून 24 • वर्ष 13 • अंक 300 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनु, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 ओम बिरला के दूसरी बार बने लोकसभा अध्यक्ष , गूंजे भारत माता व...
पेज @5 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की अभिवृद्धित राशि का हस्तान्तरण...
पेज @8 भरतपुर में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी 25 हजार रुपये ...

## संक्षिप्त समाचार

### कानून का राज सुशासन की पहली शर्त : सीएम योगी



**लखनऊ/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कानून का राज सुशासन की पहली शर्त है। इसके लिए सुरक्षा व संरक्षा का बेहतर वातावरण होना चाहिए। सुरक्षा का वातावरण राज्य का दायित्व है। हमारी पुलिस इसका बखूबी निर्वहन करती है। समय के अनुरूप पुलिस का आधुनिकीकरण कर सकें, यह मांग लंबे समय से चली आ रही थी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर यूपी-112 द्वितीय चरण के तहत उच्चीकृत पीआरवी को फ्लैग ऑफ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने डीजी कॉफ्रेंस में देश भर के पुलिस महानिदेशकों के सामने कानून के परिवर्तन के साथ ही स्मार्ट पुलिसिंग की नई अवधारणा पर आधारित नई दृष्टि दी थी। उन्होंने स्ट्रिक्ट एंड संसेटिव, मॉडर्न एंड मोबाइल, अलर्ट एंड अकाउंटेबल, रिलायबल एंड रिस्पांसिव, टेक्नोसेवी व ट्रेंड होने की बात कही थी। यूपी पुलिस ने इन सभी बातों को अक्षरशः उतारने का प्रयास किया है।

### नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ में बदमाश को किया गिरफ्तार

**नोएडा/एजेंसी।** नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश के लिखाफ लूट, चोरी समेत अन्य वारदातों के एक दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध असलहा और चोरी की एक बाइक बरामद की है। दिल्ली के थाना कल्याणपुरी का रहने वाला यह बदमाश नोएडा और दिल्ली दोनों जगह पर लूट और चोरी जैसी वारदातों को लगातार अंजाम देता आ रहा है। पुलिस ने बताया है कि बुधवार को थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस सेक्टर-54 चौकी के सामने चेकिंग कर रही थी।

### जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के 5 आतंकी आकाओं की करोड़ों की संपत्ति जब्त

**श्रीनगर/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर की बारामूला कोर्ट की ओर से पारित कुर्की के आदेश के बाद बारामूला पुलिस ने पाकिस्तान स्थित पांच आतंकी आकाओं की करोड़ों की संपत्ति जब्त कर ली है। पुलिस ने बशीर अहमद गनी, मेहराज उद दीन लोन, गुलाम मोहम्मद याटू, एबी रहमान भट, एबी राशिद लोन के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई की है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र न्यायालय के आदेश के बाद पाकिस्तान के आतंकी आकाओं की करोड़ों रुपये की 9 कनाल भूमि जब्त की गई है। यह कार्रवाई सीआरपीसी 83 की धाराओं के तहत की गई है जिसका संबंध केस संख्या 04/2008 धारा 2/3 ईआईएमसीओ अधिनियम, 7/25 भारतीय शस्त्र अधिनियम, 13 यूए (पी) अधिनियम के तहत पीएस क्रीरी के मामले से जुड़ी हुई है।

## राष्ट्रपति का अभिभाषण : बोले -लखपति दीदी अभियान चलाया

# सरकार किसानों के हित में कर रही काम: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली/एजेंसी ।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण शुरू हो गया है। अभिभाषण की शुरुआत में उन्होंने कहा- मैं 18वीं लोकसभा के सदस्यों को बधाई देती हूं। आप देश के मतदाताओं का विश्वास जीत कर आए हैं। ये सौभाग्य कम लोगों को मिलता है। मुझे आशा है आप इसे निभाएंगे।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मेरी सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत देश के किसानों को 3.20 लाख करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। मेरी सरकार के नए कार्यकाल की शुरुआत के बाद से, किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित किए गए हैं। सरकार ने खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भी रिकॉर्ड वृद्धि की है। आजकल भारत अपनी मौजूदा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपनी कृषि प्रणाली में बदलाव कर रहा है दुनिया में तेजी से भारतीय किसानों के पास इस मांग को पूरा करने की पूरी क्षमता है।

राष्ट्रपति बोलीं- मेरी सरकार का मत है कि दुनिया में निवेशकों को आकर्षित करने स्वस्थ्य स्पर्धा हो। सदस्यगण रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के संकल्प ने भारत को सबसे तेजी से बढने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया है। बीते सालों में हमने 100 साल की सबसे बड़ी आपातकालीन दशा देखी है। आज भारत अकेले ही दुनिया की ग्रोथ में 15 प्रतिशत का योगदान दे रही है। मेरी सरकार देश को दुनिया की तीसरी इकोनॉमी बनाने में लगी है।

उन्होंने कहा जीएसटी ने भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन 2 लाख करोड़ का स्तर पार कर गया है। इससे राज्यों का भी विकास हुआ है। महिला सशक्तीकरण की नई शुरुआत की। नारी शक्ति वंदन अधिनियम की ताकत है। एक दशक में आर्थिक सामर्थ्य बढ़ा है। मेरी सरकार ने 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने अभियान चलाया। इसके लिए सेल्फ हेल्प ग्रुप की मदद ली जा रही है। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत सेल्फ हेल्प ग्रुप को ड्रोन दिए जा रहे हैं।

### देश बनेगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था



### कश्मीर घाटी में वोटिंग के रिकॉर्ड टूटे, लोगों को सरकार की गारंटी पर विश्वास : राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

संसद में गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण हुआ। इसकी शुरुआत राष्ट्रपति ने सभी निर्वाचित सांसदों को बधाई के साथ की। राष्ट्रपति ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में कश्मीर घाटी में वोटिंग के अनेक दशकों के रिकॉर्ड टूटे हैं। उन्होंने कहा कि बीते 4 दशकों में हमने कश्मीर में बंद और हड़ताल के बीच कम मतदान का दौर भी देखा था। भारत के दुश्मन वैश्विक मंच पर इसको जम्मू कश्मीर की राय के तौर पर दुष्प्रचारित करते रहे हैं। लेकिन इस बार कश्मीर घाटी में लोगों ने इसका करारा जवाब दिया है।उन्होंने कहा कि 2024 चुनाव की चर्चा पूरी दुनिया में है। दुनिया देख रही है कि भारत के लोगों ने तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। 6 दशक बाद ऐसा हुआ है। भारत के लोगों को यह पूर्ण विश्वास है कि उनकी आकांक्षाएं सिर्फ मेरी सरकार ही पूरा कर सकती है। इसलिए 2024 का यह चुनाव नीति, नियत, निष्ठा और निर्णयों पर विश्वास का चुनाव रहा है। मजबूत और निर्णायक सरकार में विश्वास, सुशासन, स्थिरता और निरंतरता में विश्वास, ईमानदारी और कड़ी मेहनत में विश्वास, सुरक्षा और समृद्धि में विश्वास, सरकार की गारंटी और डिलीवरी में विश्वास, विकसित भारत के संकल्प में विश्वास।

उन्होंने कहा कि मेरी सरकार ने बीते 10 वर्षों में सेवा और सुशासन का जो मिशन चलाया है, यह उस पर मुहर है। राष्ट्रपति ने कहा कि 18वीं लोकसभा कई मायनों में एक ऐतिहासिक लोकसभा है। यह लोकसभा अमृत काल के शुरुआती वर्षों में गठित हुई है। यह लोकसभा देश के संविधान को अपनाने के 75वें वर्ष की भी साक्षी बनेगी।

आगामी सत्र में मेरी सरकार इस कार्यकाल का पहला बजट पेश करने जा रही है। यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों का एक प्रभावी दस्तावेज होगा। इस बजट में बड़े आर्थिक और सामाजिक निर्णयों के साथ ही अनेक ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। रिफंड की गति अब और तेज की जाएगी।

### रेल्वे सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर एवं एएसआई 65 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**पाली/एजेंसी।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय के निर्देश पर पाली-द्वितीयइकाई रिश्वत लेने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), पोस्ट फालना के इंस्पेक्टर कृपाल सिंह, सब इंस्पेक्टर सुश्री डिम्पल व असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (एएसआई) रमेश कुमार को 65 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की पाली-द्वितीय इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी। इसमें बताया कि आरपीएफ थाना फालना में दर्ज ऑनलाईन टिकिट मामले में उसकी दुकान से लाए गए।

### देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री दिल्ली एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, देर रात को उन्हें कुछ दिक्कत महसूस हुई, जिसके बाद एम्स ले जाया गया है। हालांकि, कुछ सूत्रों का कहना है कि यह रूटीन चेकअप है। फिलहाल उन्हें यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉक्टर्स की निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है।



31 मार्च को लालकृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके घर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया था। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने 3 फरवरी को उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा की थी। इससे पहले 2015 में आडवाणी को देश के दूसरे सबसे नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

**● यूरोलॉजी डिपार्टमेंट की निगरानी में चल रहा है इलाज**

### दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत




**नई दिल्ली/एजेंसी।**

दिल्ली-एनसीआर में भीषण गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर में बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया। बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है, जिस वजह से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। बारिश के कारण कई जगहों पर पानी भर गया है। हालांकि, सुबह-सुबह बारिश होने के कारण दफ्तर एवं अन्य कार्यों को जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि, उन्होंने गर्मी से राहत की सांस ली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार बारिश का सिलसिला जारी रहने का अनुमान जताया है। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में पूरे हफ्ते बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी। शुक्रवार को मध्य और शनिवार को तेज बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, नोएडा का तापमान पूरे हफ्ते अधिकतम 32 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। जबकि न्यूनतम तापमान 25 से 28 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

### नीट घोटाले में लीपापोती नहीं चलेगी : मल्लिकार्जुन खड़गे

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

संसद में गुरुवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण हुआ। अभिभाषण के उपरांत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड×गे ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लिखित राष्ट्रपति के अभिभाषण को सुनकर ऐसा लगा, जैसे मोदी जी जनादेश को नकारने की हरसंभव कोशिश कर रहें हैं। जनादेश उनके खिलाफ था, क्योंकि देश की जनता ने 400 पार के उनके नारे को ठुकराया और भाजपा को 272 के आंकड़े से दूर रखा। खड×गे ने कहा कि मोदी जी इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। ऐसा बर्ताव कर रहे हैं जैसे कुछ बदला ही नहीं, बल्कि सच्चाई है कि देश की जनता ने बदलाव मांगा था।



उन्होंने कहा कि मैं राज्यसभा में अपने भाषण में विस्तृत प्रतिक्रिया दूंगा, पर प्रथम दृष्टया मैं कुछ बातें कहना चाहता हूं। नीट घोटाले में लीपापोती नहीं चलेगी। पिछले 5 वर्षों में एनटीए द्वारा कराए गए 66 भर्ती परीक्षाओं में कम से कम 12 में पेपर लीक और धांधली हुई है, जिससे 75 लाख से अधिक युवा प्रभावित हुए हैं। मोदी सरकार केवल यह कहकर कि दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए, अपनी जवाबदेही से भाग नहीं सकती। युवा न्याय मांग रहा है। मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी। देश का हर दूसरा युवा बेरोजगार है और भाषण में बेरोजगारी दूर करने की कोई ठोस नीति सामने नहीं आई है। सिर्फ बातें करने से समस्या का हल नहीं निकलता, इसके लिए निर्णायक कदम उठाने होते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे भाषण में महंगाई का एक बार भी ज़िक्र नहीं है। रोजमर्रा की खानपान की चीजों के दाम बढ़ गए हैं। आटा, दाल, टमाटर, प्याज, दूध, सबके दाम आसमान पर हैं। देश में परिवारों की बचत 50 वर्षों में सबसे निचले स्तर पर है। मणिपुर में 13 महीनों से लगातार हिंसा चल रही है।

## 'मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी प्रदेश को खुशियों की पेंशन'..

# 88 लाख खातों में 1037 करोड़ रुपए ट्रांसफर

## मुख्यमंत्री ने कहा- राज्य सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए दृढ संकल्पित

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सभ्य एवं विकसित समाज सभी वर्गों के विकास के लिए संवेदनशील रहता है। सामाजिक सुरक्षा के रूप में पेंशन जरूरतमंद को आर्थिक संबल देती है, साथ ही उन्हें मुख्य धारा से जोड़े रखती है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का दायरा बढ़ाने के साथ ही इसकी राशि में भी बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि वृद्धजन, एकल नारी, दिव्यांगजनों सहित सभी वर्गों के उत्थान के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्पित है तथा इनके सामाजिक सुरक्षा के आवरण को कमजोर नहीं होने देगीसामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 15 प्रतिशत बढ़ी हुई राशि लाभार्थियों के खातों में सीधे हस्तांतरित



### 2 लाख 41 हजार से अधिक नए लाभार्थी जुड़े

» मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में राशि को 1 हजार रुपए से बढ़ाकर 1150 रुपए की है और इसमें चरणबद्ध रूप से वृद्धि की जाएगी। संकल्प-पत्र के हर एक वादे को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में लगभग 88 लाख से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जा रहा है। हमारी सरकार ने गठन के 6 माह के अल्प समय में 2 लाख 41 हजार से अधिक नए लाभार्थियों को इन पेंशन योजनाओं से जोड़ा है। साथ ही, झुंझुनूं जिले में 2 लाख 74 हजार से अधिक लोगों को पेंशन का लाभ मिल रहा है, जिन्हें पेंशन के रूप में हर महीने 32 करोड़ 27 लाख रुपए हस्तांतरित किए जा रहे हैं।

# योग को धंधा न बनाएं

योग की आड़ में देश में धंधा पनप गया है। महानगरों से लेकर कस्बों-गांवों में भी इंस्टीट्यूट, प्रशिक्षण केंद्र, योग टीचर्स की फौज तैयार हो गई है। योग पर किसी का पेटेंट नहीं होना चाहिए और न ही कोई इसकी किसी को ठेकेदारी करनी चाहिए। योग शरीर को चंगा रखने का मजबूत हथियार है और सदैव रहेगा। देखकर दुख होता है जब योग का शारीरिक जरूरतों से कहीं ज्यादा मौजूदा समय में उसका व्यावसायिक, धार्मिक और सियासत में इस्तेमाल होता है। योग को मात्र स्वस्थ काया तक ही सीमित रखना चाहिए। उसकी आड़ में राजनीतिक जरूरतें पूरी नहीं करनी चाहिए। योग गुरु कहलाकर समूचे संसार में प्रसिद्धि पा चुके बाबा रामदेव ने निश्चित रूप से योग का प्रचार जबरदस्त तरीके से किया। इस दरम्यान उन्होंने बड़ा व्यवसाय भी स्थापित किया। बाजार में हजारों प्रोड्क्ट्स उतारकर उनकी कंपनी का टर्नओवर लाखों-करोड़ों में नहीं, बल्कि अरबों में पहुंच गया है। विवादों के इतर देखें तो बाबा रामदेव की कोशिशों की बदौलत ही योग को वैश्विक मान्यता मिली। केंद्र सरकार ने भी प्रचार-प्रसार में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। उसके बदले सरकार ने भी उनका फायदा चुनाव में जमकर उठाया।

इस सच्चाई से भी इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन इससे योग विज्ञान का कुछ समय बीतने के बाद नुकसान हुआ। योग सत्ता पक्ष और विपक्ष में बंटकर भाजपा और कांग्रेस हो गया। जब पहला योग दिवस मना, तो कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने आयोजन का वॉकआउट किया। यहां तक उन्होंने और उनके कार्यकर्ताओं ने भी योग नहीं किया। लेकिन भाजपा ने हर्षोल्लास से मनाया। दरअसल, उनके मनाने का कारण क्या था, सभी को पता था। ठीक है, अगर विपक्षी दलों को बाबा रामदेव से कोई आपत्ति या ना-खुशी है, तो उनको योग को विरोध की केटेगरी में नहीं रखना चाहिए। बहरहाल, कोई कहे बेशक कुछ न, पर सियासत ने योग को धर्म से छोड़ने की भी कोशिशें की। योगासनों में भी धर्मों की एबीसीडी खोजी जाती है। दूसरा, सबसे दु:खद पहलू योग के साथ ये जुड़ा, योग का व्यावसायीकरण कर दिया गया। कइयों की दुकानें योग की आड़ में चल पड़ी हैं। बड़े-बड़े प्रतिष्ठान, कॉलेज, स्कूल, प्रशिक्षण केंद्र संचालित हो गए हैं, जहां योग सिखाने के नाम पर मोटा माल काटा जा रहा है। योग गुरुओं, एक्सपर्ट्स व प्रशिक्षकों की तो फौज ही खड़ी हो गई है। बड़े-बड़े नेताओं ने अपने लिए पर्मानेंट योग प्रशिक्षक हायर किए हुए हैं।

कुल मिलाकर योग को लोगों ने अब पूरी तरह से स्टेटस सिंबल बना डाला है। यानी मध्यम वर्ग और गरीबों की पहुंच से बहुत दूर कर दिया गया है। योग विधा नई नहीं है। पांच हजार पूर्व ऋषि परंपराओं से मिली अनमोल धरोहर जैसी है। ज्यादा पुराने समय की बात न करें, सिर्फ आजादी तक का इतिहास खंगाले तो पता चलता है कि उस वक्त तक भी चिकित्सा विज्ञान ने उतनी सफलता नहीं पाई थी जिससे अचानक उत्पन्न होने वाली बीमारियों से तुरंत इलाज कराया जाए। उस वक्त भी जड़ी-बूटियों और नियमित योगासन पर ही समूचा संसार निर्भर हुआ करता था। अंग्रेजी दवाओं का विस्तार कोई चालीस-पचास के दशक से जोर पकड़ा है। तब मात्र एकाध ही फार्मा कंपनियां हुआ करती थी, जो अंग्रेजी दवाइयों का निर्माण करती थीं। विस्तार अस्सी के दशक के बाद आरंभ हुआ। आज तीन से चार हजार के करीब फार्मा कंपनियां अंग्रेजी दवा बनाने में लगी हैं। बावजूद इसके योग का बोलबाला दिनों दिन बढ़ रहा है। जानकार बताते हैं कि अंग्रेजी दवाएं तुरंत असर तो करती हैं पर, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता हिला देती हैं। शायद, इस सच्चाई से आम लोग अनभिज्ञ होते हैं कि बड़ी-बड़ी फार्मा कंपनियों के मालिक भी नियमित योगासन करते हैं। क्योंकि उनको योग के फायदे पता होते हैं। योग को एक नहीं, बल्कि हजारों बड़ी और गंभीर बीमारियों से लड़ने का हथियार माना गया है। वक्त फिर से पलटा है, इसलिए लोग धीर-धीरे पुरानी दवा पद्धितियों की ओर लौटने लगे हैं। सालों पुरानी हेल्थ प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए मरीज योग की मदद लेने लगे हैं। अनुभवी डॉक्टर्स भी अपने पेशेंट को डेली रूटीन में योग शामिल करने की सलाह देते हैं। योग चिकित्सक मंगेश त्रिवेदी की माने तो ऐसे कई केस सामने आए हैं, जिसमें 15-20 साल पुरानी बीमारी को खत्म करने के लिए लोगों ने पहले योग की मदद ली और 3 से 4 महीने में इसका असर भी देखा है।

बहरहाल, जरूरत इस बात की है कि योग को राजनीति और धर्म के मैदान में न घसीटा जाए। कुछ राजनीतिक दल योग और योग को नियमित अपनाने वालों को अपना वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। कुछ लोग योग पर एक छत्र राज और अपनी ठेकेदारी भी जमाते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए, योग सबके लिए है और वह भी नि:शुल्क। योग हमें ऋषियों-मुनियों द्वारा दी गई बेशकीमती सौगात है। हमारी धरोहर है जिसे हमारे पूर्वज हमारे लिए छोड़कर गए हैं। इसे सजोकर रखना हम सबका परमदायित्व बनता है। योग के फायदों से हम परिचित हैं। योग को लेकर हमें किसी लोभ-लालच में नहीं पड़ना चाहिए। योग करने वालों को भाजपा का कार्यकर्ता, रामदेव का अनुयायी या आरएसएस का शुभचिंतक नहीं समझना चाहिए। हालांकि, ऐसी मिथ्या अब लोगों से दूर हुई है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सभी अपने स्वास्थ्य की परवाह करते हुए योग को अपनाएं। 'विश्व योग दिवस' का मकसद हममें योगासन के प्रति ललक पैदा करना और दूसरों को योग के लिए जागरुकता करना मात्र होता है। योग स्वस्थ शरीर का मुख्य सारथी है, इसे दूर न करें, नियमित अपनाएं।

# राहुल गांधी का कद भी बढ़ा और राजनीतिक कौशल भी



ललित गर्ग

राहुल गांधी लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता बन गये हैं, यह उनका पहला संवैधानिक पद है, इससे पहले वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। इस बड़े पद के साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ जायेंगी। दस वर्षों बाद लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद मिला है। वैसे इस बार के चुनाव एवं चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद राहुल गांधी का न केवल आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि उनमें राजनीतिक कौशल एवं परिपक्वता भी देखने को मिल रही है, इससे यह प्रतीत होता है कि वे प्रतिपक्ष नेता के पद के साथ न्याय करते हुए अपनी राजनीति को चमकायेंगे एवं रसातल में जा चुकी कांग्रेस को सुदृढ़ करेंगे। वैसे देखा गया है कि प्रतिपक्ष के नेता बनने वाले अधिकांश लोग प्रधानमंत्री तक पहुंचे हैं। लेकिन राहुल गांधी को इसके लिये अभी लम्बा संघर्ष करना होगा, परिपक्व राजनीति एवं देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को साबित करना होगा। निश्चित ही राहुल गांधी का कद बढ़ा है और अब वे स्वल्प समय में ही कद्दावर नेता की तरह राजनीति करने लगे हैं। राहुल को देशभर में निकाली यात्राओं एवं चुनाव प्रचार में निभाई सशक्त भूमिका ने मजबूती दी है। राहुल की राजनीति को चमकाने में कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो यात्रा' के अलावा मणिपुर से मुंबई तक की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अब प्रतिनेता के रूप में उनकी एक नई यात्रा शुरु हो रही है जो उन्हें नई राजनीतिक ऊंचाई दे सकती है।

देश को 10 साल बाद राहुल गांधी के रूप में विपक्ष का नेता मिला है, जो संसदीय राजनीति के लिए एक अच्छी खबर है। इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी एवं जनता की आवाज को जोरदार तरीके से उठाने एवं सरकार की नीतियों-योजनाओं पर तीखी नजर रखने एवं प्रभावी सवाल उठाने की स्थितियों को बल मिलेगा। लेकिन विपक्ष की नुमाइंदगी का मतलब यह नहीं कि वह हर मामले में सत्ता पक्ष के खिलाफ हो, बल्कि यह है कि वह हमेशा जनता के साथ हो और उसकी ओर से मुद्दे उठाए। नेता प्रतिपक्ष पद से सरकार के साथ ही विपक्ष पर भी जवाबदेही का दबाव बढ़ता है। राहुल की सुविधाएं बढ़ने के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ गयी है। 16वीं और 17वीं लोकसभा में कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों के पास इस पद के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत सदस्य नहीं थे। कांग्रेस ने इस बार लोकसभा चुनाव में 99 सीट जीतकर इस पद को हासिल किया है। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी केंद्रीय सतर्कता आयोग, केंद्रीय सूचना आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार से जुड़े चयन के अलावा लोकपाल, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक जैसी प्रमुख नियुक्तियों पर महत्वपूर्ण पैनल के सदस्य भी होंगे। प्रधानमंत्री इन पैनल के प्रमुख होते हैं। नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी को लोकसभा में पहली पंक्ति में सीट मिलेगी। यह सीट डिप्टी स्पीकर की सीट के बगल वाली होगी। इसके अलावा संसद भवन में सचिवीय तथा अन्य सुविधाओं से युक्त एक कमरा भी मिलेगा। विपक्ष के नेता को औपचारिक अवसरों पर कुछ विशेषाधिकार भी प्राप्त होते हैं। एक केन्द्रीय मंत्री को मिलने वाली सभी सुविधाएं राहुल गांधी को मिलेगी।



राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के अमेठी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह पांचवीं बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव ने कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवन दिया है। इस बार के चुनाव परिणाम ने कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल को मनोवैज्ञानिक लाभ पहुंचाया है, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है। इससे कांग्रेस ने अपना आत्मविश्वास फिर से पा लिया है, जो कोई छोटी बात नहीं। और यह राहुल और प्रियंका गांधी की गतिविधियों में साफ झलकता है। साथ ही, अब इस बात को लेकर भी कांग्रेस में कोई दुविधा नहीं रह गई है कि गांधी परिवार ही सर्वोच्च है और पार्टी पर उसका पूरा नियंत्रण होगा। इसका यह भी मतलब है कि टीम-राहुल का सभी मामलों में फैसला अंतिम होगा।

पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती होगी कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हुए रचनात्मक विरोध की भूमिका को आकार देते हैं। कांग्रेस का सबसे बड़ा काम दलित और पिछड़े मतदाताओं ने यूपी में जो उनकी मदद की है, उनका विश्वास बनाए रखने का है। यह बड़ी सचाई है कि आज भी देश के महत्त्व के राज्यों में भाजपा को क्षेत्रीय दल शिकस्त दे रहे हैं। अगर क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस का गठजोड़ बना रहे, तो ही भाजपा पर दबाव आएगा। बड़ा सच यह भी है कि न भाजपा बदली है ना उसकी विचारधारा। भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी को भले ही चुनावों में पूर्ण बहुमत न मिला हो, लेकिन वह ही आज ताकतवर है। यह भी समझना होगा कि भाजपा विपक्ष की ताकत से नहीं, बल्कि सरकार की बड़ी गलतियों एवं पार्टी के अति उत्साह से नुकसान में पहुंची है।


यह भी एक तथ्य है कि मुस्लिमों के सक्रिय-समर्थन के बिना कांग्रेस को कामयाबी नहीं मिल सकती थी। निश्चित ही मुसलमानों के वोट की अहमियत कुछ-कुछ सीटों पर हार-जीत का फैसला कर गई है। भाजपा अपनी आगे की रणनीति इसी आधार पर बनाएगी और वो पिछले चुनावों के जैसी ही होगी। मतलब कि भाजपा कोई नई भाषा नहीं बोलने वाली है। वह आरोप लगाती रहेगी कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण करती है। कांग्रेस के सामने चुनौती होगी कि वो इस आरोप को अपने पर आने न दे, ताकि भाजपा हिंदुओं के हितों की एकमात्र रक्षक है, ऐसा दावा ना कर सके। कांग्रेस को इस हिंदू-मुस्लिम राजनीतिक बवंडर से बचने के लिये अपनी रणनीति को बनाना होगा। बिना हिन्दू वोट के कांग्रेस सफल राजनीतिक पारी नहीं खेल सकती है। इसके साथ ही कांग्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सफलता और निष्फलता का सही आकलन कर लेना जरूरी है। जनता के समक्ष अपना आत्मविश्वास बढ़ाए रखना अच्छी बात है, लेकिन मोदी आज जिस जमीन पर खड़े हैं, जनता के बीच उनकी जो स्वीकार्यता है उसका सही आकलन करना कांग्रेस की आगे की रणनीति के लिए बेहद जरूरी होगा। राहुल गांधी सदन में विपक्ष की मजबूत आवाज बनकर उभरेंगे, इसमें सन्देह नहीं है। पक्ष एवं विपक्ष के बीच एक संतुलन बनना लोकतंत्र की खूबसूरती है एव अपेक्षा भी है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में विपक्ष के नेता की प्रमुख भूमिकाओं में से एक सरकार की नीतियों पर 'प्रभावी' सवाल उठाना है। विपक्ष के नेता की भूमिका वास्तव में बहुत चुनौतीपूर्ण होती है क्योंकि उसे सरकार की विधायिका और जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करनी होती है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हें सरकारी प्रस्तावों-नीतियों के विकल्प प्रस्तुत करने होते हैं। निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष अलग एवं ऊंचे स्तर पर अपने तेवर दिखा सकता है। सरकार के लिए कोई भी बिल पास कराना अब इतना आसान नहीं होगा। मोदी की स्थिर सरकार देने की जद्दोजहद के बीच मोदी और राहुल के बीच की टकराव की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता है, लेकिन बावजूद इसके सदन में सकारात्मक वातावरण बना रहना भी जरूरी है। स्थिर सरकार देश की बड़ी जरूरत है, राजनेताओं से उम्मीद की जाती है कि एक बार जनादेश आने के बाद वे चुनावी दौर की कड़वाहट एवं आरोप-प्रत्यारोप की छिछालेदार राजनीति को भुलाते हुए जनता के हित में मिलकर काम करें। इस बार भी चुनाव में अपनी-अपनी पार्टियों के प्रचार की अगुआई करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने एक-दूसरे पर खूब हमले बोले हैं। अब उन बातों को पीछे छोड़ते हुए उन्हें बेहतर तालमेल वाले कामकाजी रिश्ते कायम करते हुए देशहित को सामने रखना होगा। राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठना होगा।

# क्या कोई दूसरा सैम मानेकशॉ होगा?



आरके सिन्हा

फील्ड मार्शल सैम होर्मसजी फ्रामजी जमशेदजी मानेकशॉ अपने जीवनकाल में ही एक किवदंती बन गए थे। जब भी सैम मानेकशॉ का नाम आता है, तो 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध याद आता है। उस युद्ध में वह भारतीय सेना का नेतृत्व कर रहे थे। सैम मानकशॉ 1969 में भारत के सेनाध्यक्ष बने और उनके शानदार करियर का चरम 1971 में पाकिस्तान के साथ जंग में शानदार जीत था। उस युद्ध के बाद ही पूर्वी पाकिस्तान बना बांग्लादेश। सैम मानेकशॉ ने 1971 में भारत की सैन्य जीत की जमीन तैयार की। कहते हैं, वह भारत की हजारों सालों में पहली किसी युद्ध में जीत थी। उसने दुनिया के नक्शे की तस्वीर बदल दी। भारत के सामने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया। सैंम मानेकशॉ ने सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान के युद्धबंदियों के साथ जेनेवा कन्वेंशन के तहत शालीन व्यवहार किया जाये। उन पाकिस्तानी युद्धबंदियों को भारत में ईद मनाने की भी छूट मिली। उन्हें कुरआन की एक प्रति दी गई जब वे वापस अपने देश में गए। अब एहसान फरामोश पाकिस्तान की करतूत जान लें। कैप्टन सौरभ कालिया करगिल जंग के पहले शहीद थे। जिनके बलिदान से करगिल युद्ध की शुरुआती इबारत लिखी गई। महज 22 साल की उम्र में 22 दिनों तक दुश्मन उन्हें बेहिसाब दर्द देता रहा। पाकिस्तानियों ने सौरभ कालिया के साथ अमानवीयता की सारी हदें पार करते हुए उनकी आंखें तक निकाल ली और उन्हें गोली मार दी थीं। दिसंबर 1998 में आईएमए से ट्रेनिंग के बाद फरवरी 1999 में उनकी पहली पोस्टिंग करगिल में 4 जाट रेजीमेंट में हुई थी। जब मौत की खबर आई तो बमुश्किल चार महीने ही तो हुए थे सेना ज्वाइन किए। 14 मई को कैप्टन सौरभ कालिया अपने पांच जवानों के साथ बजरंग चोटी पर पहुंचे थे। उसके बाद पाकिस्तान ने उन्हें बंदी बना लिया और 22 दिन बाद उनका शव सौंपा। सौरभ कालिया के साथ जो हुआ उससे सैम मानेकशॉ का भी खून तो खौला होगा।



बहरहाल,1971 के युद्ध के बाद, टाइम पत्रिका ने लिखा था कि "हिंदू" भारत के सैन्य अभियान का नेतृत्व एक पारसी (सैम मानेकशॉ) ने किया। बांग्लादेश को मुक्त करने वाली सेना की पूर्वी कमान का प्रमुख एक सिख (लेफ्टिनेंट जनरल जे.एस. अरोड़ा) थे, और अभियान की योजना एक यहूदी चीफ ऑफ स्टाफ ( जे.एफ. जैकब) ने बनाई थी। सैम मानेकशॉ समर नीति के गहरे जानकार थे। पर उनकी जुबान भी फिसलती रहती थी, जिसका उन्हें कई बार बहुत नुकसान भी उठाना पड़ा था। वे 1971 की पाकिस्तान के साथ हुई जंग में विजय का क्रेडिट जाने-अनजाने खुद लेने की फिराक में लगे रहते थे। उन्होंने एक बार तो एक इंटरव्यू में यहां तक दावा कर दिया था कि अगर वे पाकिस्तान सेना के प्रमुख होते तो 1971 की जंग में पाकिस्तान विजयी हो गया होता। उनके इस दावे पर तब भी बहुत बवाल कटा था। जंग सेना के साथ-साथ सारा देश ही लड़ता है। इसलिए विजय भी सम्पूर्ण देश की ही होती है। हां, ऱणभूमि के वीरों का अपना विशेष महत्व तो होता ही है। 1971 के युद्ध में जे.एफ. जैकब की रणनीति के तहत भारतीय सेना को अभूतपूर्व कामयाबी मिली थी। वे भारत में जन्मे यहूदी थे और समर नीति बनाने में महारत रखते थे। पाकिस्तान सेना के रणभूमि में परास्त करने के बाद जनरल जैकब ने पाकिस्तान के लेफ्टिनेंट नियाज़ी से अपनी फौज को आत्मसमर्पण का आदेश देने को कहा था। हां, मानेकशॉ कभी-कभी सोच-समझकर नहीं बोलते थे। इससे उन्हें नुकसान भी हुआ। 1971 की जंग के बाद एक महिला पत्रकार ने उनसे पूछा: "सर, अगर आप पाकिस्तानी सेना का नेतृत्व कर रहे होते, तो कौन युद्ध जीता होता?" मानेकशॉ का जवाब था: "पाकिस्तान युद्ध जीत गया होता!"। उनके इस कथन के बाद काफी बवाल भी हुआ था। हालांकि यह बात मजाक में कही गई थी, पर वे अपने जवाब पर अड़े रहे। कहते हैं, उनकी इस टिप्पणी से देश की तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी काफी नाराज हो गई थीं।

स्वतंत्रता के बाद, सैम मानेकशॉ सभी प्रमुख सैन्य अभियानों में शामिल थे। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू और गृह मंत्री सरदार पटेल के निर्देशों को मानते हुए कश्मीर ऑपरेशन (1947-49) की योजना बनाई। उन्होंने चीन के साथ 1962 के युद्ध में पराजय के बाद पंडित नेहरू से खुलकर कहा था कि हम खराब नेतृत्व के कारण हारे। हमारे जवान तो खूब बहादुरी से लड़े। तो बहुत साफ है कि सैम मानेकशॉ ने उस जंग में पराजय के लिए नेहरू जी के नेतृत्व को ही जिम्मेदार माना। सिर्फ सैम मानेकशॉ ने ही नहीं, नेहरू जी को 1962 की जंग का खलनायक तो सारा देश मानता है। इस बीच, राजधानी के कृष्ण मेनन मार्ग पर लगी वी.के. कृष्ण मेनन की आदमकद मूर्ति को देखकर ना जाने कितने हिन्दुस्तानियों को उस चीन युद्ध की यादें ताजा हो जाती हैं। उस जंग में हमारे सैनिक कड़ाके की ठंड में पर्याप्त गर्म कपड़े पहने बिना ही लड़े थे। उनके पास दुश्मन से लड़ने के लिए आवश्यक शस्त्र भी नहीं थे। इसका जिम्मेदार नेहरू और उनके रक्षा मंत्री मेनन थे। पर, मेनन को नेहरू जी और उसके बाद इंदिरा गांधी का सम्मान मिलता रहा। मेनन घनघोर घमंडी और जिद्दी किस्म के इंसान थे। नेहरू जी ने मेनन को 1957 में रक्षा मंत्री बनाया तो देश में उनकी नियुक्ति का स्वागत हुआ था। उम्मीद बंधी थी कि मेनन और सेना प्रमुख कोडन्डेरा सुबय्या थिमय्या की जोड़ी रक्षा क्षेत्र को मजबूती देगी। पर यह हो ना सका। मेनन किसी की सुनते ही नहीं थे। चीन युद्ध में उन्नीस रहने के मेनन का 10 अक्तूबर, 1974 को निधन हो गया। उनकी मृत्यु के तुरंत बाद प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी ने उनके नाम पर राजधानी के एक अति विशिष्ट क्षेत्र की सड़क समर्पित कर दी।

चीन ने 1962 के युद्ध में भारत के 37,244 वर्ग किलोमीटर श्रेत्र पर कब्जा कर लिया था। उसका सीधे तौर पर जिम्मेदार नेहरू जी और मेनन थे। मानेकशॉ ने परोक्ष रूप से नेहरू जी को चीन युद्ध की हार का जिम्मेदार बताकर गलत तो कुछ नहीं कहा था। बेशक, मानेकशॉ जैसे रणभूमि के वीर बार- बार जन्म नहीं लेते। समाप्त।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# यही वक्त है भारत के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अपने सूचकांक तैयार करने का



प्रहलाद सबनानी

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की भिन्न भिन्न क्षेत्रों में रेटिंग तय करने की दृष्टि से वित्तीय एवं विशिष्ट संस्थानों द्वारा सूचकांक तैयार किए जाते हैं। हाल ही के समय में इन विदेशी संस्थानों द्वारा जारी किए गए कई सूचकांकों में भारत की स्थिति को संभवत जान बूझकर गल्त दर्शाया गया है। इन सूचकांकों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं अफ्रीका के गरीब देशों की स्थिति को भारत से बेहतर बताया गया है। उदाहरण के लिए अभी हाल ही में पश्चिमी देशों द्वारा जारी किए गए तीन सूचकांकों की स्थिति देखिए। सबसे पहिले उदार (लिबरल) लोकतंत्र सूचकांक में भारत की रैंकिंग को 104 बताया गया है और भारत के ऊपर निजेर देश को बताया गया है। इसी प्रकार, आनंद (हैपीनेस) सूचकांक में भी भारत का स्थान 126वां बताया गया है जबकि पाकिस्तान को 108वां स्थान मिला है, जहां अत्यधिक मुद्रा स्फीति के चलते वहां के नागरिक अत्यधिक त्रस्त हैं। एक अन्य, प्रेस की स्वतंत्रता नामक सूचकांक में भारत को 161वां स्थान मिला है जबकि इस सूचकांक में कुल मिलाकर 180 देशों को शामिल किया गया है और अफगानिस्तान को 152वां स्थान दिया गया है, अर्थात इस सर्वे के अनुसार, अफगानिस्तान में प्रेस की स्वतंत्रता भारत की तुलना में अच्छी पाई गई है। पश्चिमी देशों में स्थिति इन संस्थानों द्वारा इस प्रकार के सूचकांक तैयार किए जाकर पूरे विश्व को भ्रमित किए जाने का प्रयास हो रहा है।

वस्तुतः भारत में हाल ही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनावों पर भी पश्चिमी देशों ने कई प्रकार के सवाल खड़े करने के प्रयास किए थे। जैसे, इस भीषण गर्मी के मौसम में चुनाव क्यों कराए गए हैं, जिससे सामान्यजन वोट डालने के लिए घरों से बाहर ही नहीं निकले, ईवीएम मशीन में कोई खराबी तो नहीं है, आदि। परंतु, भारतीय मतदाताओं ने इन लोक सभा चुनावों में भारी संख्या में भाग लेकर पश्चिमी देशों को करारा जवाब दिया है। न ही, ईवीएम मशीन में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई गई और न ही गर्मी का प्रभाव चुनावों पर पड़ा। हालांकि सत्ताधारी दल को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ कम स्थान जरूर प्राप्त हुए हैं परंतु देश में किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं हुई है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव सामान्यतः शांति के साथ सम्पन्न हो गए। साथ ही, विपक्षी दलों को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ अधिक स्थान मिले हैं और उन्होंने भी चुनाव के परिणामों को स्वीकार कर लिया है। चुनाव की प्रक्रिया पर कोई सवाल खड़ा नहीं किया गया है।

इस सबके बावजूद पश्चिमी देशों ने पश्चिमी लोकतंत्र सूचकांक में वर्ष 2014 में भारत को 27वां स्थान दिया था और वर्ष 2023 में भारत की रैंकिंग नीचे गिराकर 41वें स्थान पर बताई गई है। जबकि वास्तव में तो इस बीच देश में लोकतंत्र अधिक मजबूत ही हुआ है, परंतु पश्चिमी देशों द्वारा भारतीय लोकतंत्र को ही जैसे खतरे में बताया जा रहा है और एक तरह से भारतीय लोकतंत्र पर ही सवाल खड़े कर दिए गए हैं। दरअसल पश्चिमी देशों में कुछ शक्तियां भारत के हितों के विरुद्ध कार्य कर रही हैं एवं ये ताकतें विभिन्न सूचकांक तैयार करने वाली संस्थाओं को प्रभावित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़तीं हैं।

कुछ समय पूर्व एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान ने वैश्विक भुखमरी सूचकांक जारी किया था। इस सूचकांक में यह बताया गया था कि भारत की तुलना में श्रीलंका, म्यांमार, पाकिस्तान, एथीयोपिया, नेपाल, भूटान आदि देशों में भुखमरी की स्थिति बेहतर है। अर्थात, सर्वे में शामिल किए गए 121 देशों की सूची में श्रीलंका का स्थान 64वां, म्यांमार का 71वां, बांग्लादेश का 84वां, पाकिस्तान का 99वां, एथीयोपिया का 104वां एवं भारत का 107वां स्थान बताया गया था। जबकि पूरा विश्व जानता है कि व श्रीलंका, पाकिस्तान एवं म्यांमार जैसे देशों में खाद्य पदार्थों की भारी कमी है जिसके चलते इन देशों के नागरिकों के लिए दो जून की रोटी जुटाना भी बहुत मुश्किल हो रहा है। जबकि, भारत कई देशों को आज खाद्य सामग्री उपलब्ध करा रहा है। फिर किस प्रकार उक्त सूचकांक बनाकर वैश्विक स्तर पर जारी किए जा रहे हैं। ऐसा आभास हो रहा है कि भारत की आर्थिक तरक्की को विश्व के कई देश अब सहन नहीं कर पा रहे हैं एवं भारत के बारे में इस प्रकार के सूचकांक जारी कर भारत की साख को वैश्विक स्तर पर प्रभावित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

युद्ध की विभीषिका झेल रहे एथीयोपिया में नागरिक अपनी भूख मिटाने के लिए घास जैसे भारी पदार्थों को खाकर अपना जीवन गुजारने को मजबूर हैं। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच जीवन यापन करने वाले नागरिकों को भुखमरी के मामले में भारत के नागरिकों से बेहतर स्थिति में बताया गया है। वहीं दूसरी ओर भारत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड़ नागरिकों को केंद्र सरकार द्वारा प्रतिमाह 5 किलो मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि इन लोगों को खाने पीने सम्बंधी किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। फिर भी भारत के नागरिकों को भुखमरी सूचकांक में ईथीयोपिया के नागरिकों की तुलना में इतना नीचे बताया गया है। अब कौन इस प्रकार के सूचकांकों पर विश्वास करेगा। यह भी बताया जा रहा है कि इस सूचकांक को आंकने के लिए भारत के 140 करोड़ नागरिकों में से केवल 3000 नागरिकों को ही इस सर्वे में शामिल किया गया था। इस प्रकार सर्वे का सैम्पल बनाते समय भारत जैसे विशाल देश के लिए अपर्याप्त संख्या का उपयोग किया गया है।

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की सावरेन क्रेडिट रेटिंग पर कार्य कर रही संस्था स्टैंडर्ड एंड पूअर ने हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था का आंकलन करते हुए भारत के सम्बंध में अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक किया है एवं कहा है कि वह भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के उद्देश्य से भारत के आर्थिक विकास सम्बंधी विभिन्न पैमानों का, आधारभूत ढांचे को विकसित करने एवं भारत के राजकोषीय घाटे को कम करने से सम्बंधित आंकड़ों एवं प्रयासों का गम्भीरता से लगातार अध्ययन एवं विश्लेषण कर रहा है। आगे आने वाले दो वर्षों के दौरान यदि उक्त तीनों क्षेत्रों में लगातार सुधार दिखाई देता है तो भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया जा सकता है। वर्तमान में भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग BBB- है, जो निवेश के लिए सबसे कम रेटिंग की श्रेणी में गिनी जाती है।

किसी भी देश की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को यदि अपग्रेड किया जाता है तो इससे उस देश में विदेशी निवेश बढ़ने लगते हैं क्योंकि निवेशकों का इन देशों में पूंजी निवेश तुलनात्मक रूप से सुरक्षित माना जाता है। साथ ही, अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग प्राप्त देशों की कम्पनियों को अन्य देशों में पूंजी उगाहना न केवल आसान होता है बल्कि इस प्रकार लिए जाने वाले ऋष्ण पर ब्याज की राशि भी कम देनी होती है। किसी भी देश की जितनी अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग होती है उस देश की कम्पनियों को कम से कम ब्याज दरों पर ऋष्ण उगाहने में आसानी होती है। परंतु, भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के लिए स्टैंडर्ड एंड पूअर को दो वर्षों का समय क्यों चाहिए? जब इन समस्त क्षेत्रों में लगातार सुधार होते साफ दिख रहा है। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई विदेशी संस्थान (विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, आदि) आगे आने वाले वर्षों में भारत की आर्थिक प्रगति को लेकर बहुत उत्साहित हैं एवं आर्थिक प्रगति के साथ साथ राजकोषीय घाटे को कम करने हेतु भारत सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना करते रहते हैं। फिर भी, स्टैंडर्ड एंड पूअर को भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के लिय दो वर्षों का अतिरिक्त समय चाहिए।

वैश्विक पटल पर पश्चिमी देशों के विभिन्न संस्थानों द्वारा भारत के प्रति ईर्ष्या का भाव रखने के चलते, अब समय आ गया है कि भारत विभिन्न पैमानों पर अपनी रेटिंग तय करने के लिए अपने सूचकांक विकसित करने पर विचार करे क्योंकि वैश्विक स्तर पर पश्चिमी देशों द्वारा जितने भी सूचकांक तैयार किए जा रहे हैं उसमें भारत के संदर्भ में वस्तुस्थिति का सही वर्णन नहीं किया जा रहा है।

**(लेखक, वरिष्ठ स्तंभकार एवं आर्थिक विश्लेषक हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### खरीफ पूर्व ब्लॉक स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन



**चमकता राजस्थान।** श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक) श्रीनगर आत्मा योजनांतर्गत ग्राम पंचायत बीर में सरपंच सायरा बानो की अध्यक्षता में पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सेवानिवृत सहायक कृषि अधिकारी शिव शंकर सिंह ने खरीफ फसलों को उन्नत कृषि विधियों की विस्तार से जानकारी दी गई। अब्दुल सलाम सेवानिवृत सहायक कृषि अधिकारी ने डी ए पी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट व यूरिया के प्रयोग के तरीके की विस्तार से जानकारी दीरामजीलाल शेरगडिया सेवानिवृत सहायक कृषि अधिकारी ने जलवायु परिवर्तन व जैविक खेती, जल बचत हेतु फार्म पौंड, ड्रिप, फव्वारा सिंचाई की विस्तार से जानकारी दी गई।प्रतीक त्रिपाठी शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा बीर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना,किसान क्रेडिट कार्ड योजना आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। कृषि पर्यवेक्षक बीर सुनील कुमार ने कृषि विभागीय योजनाओं को विस्तार से जानकारी दी गई। अन्त में माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान ने जल बचत अपील का वाचन किया गया।गोष्ठी में पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण की गोदियावास,गगवाना, रसूलपुरा, पालरा व बीर दांता के 100से अधिक कृषको ने भाग लिया।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का पंचायत समिति बाड़ी के बी सी रूम में पेंशन लाभार्थी उत्सव



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)** बाड़ी दिनांकः-27 जून 24 को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना! पेंशन लाभार्थी उत्सव जिसमें पेंशन की बढ़ी हुई राशि 1000 से 1150 डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के सीधे खाते में ट्रांसफर करने हेतु, मुख्यमंत्री संवाद जिला झुंझुनू में राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा लाइव संबाद तथा सभी जिला स्तर ब्लॉक स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी वीसी के माध्यम से लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया!15% प्रतिशत पेंशन बढ़ाने की घोषणा की थी! आज पूरी होने जा रही हैं! 28 लाख से अधिक पेंशनर्स के सीधे खाते में ट्रांसफर की जा रही है! 1 करोड़ 37 लाख पहुंचेगी!सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारीयो को, राज्य स्तरीय समारोह में आए पेंशनरों का मुख्यमंत्री शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया! तथा उपखंड बाड़ी की पंचायत समिति बी सी रूम में काफ़ी संख्या में पेंशन लाभार्थी महिला /पुरुष उपस्थित हुऐ, यह कार्यक्रम उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा, हनीफ मोहम्मद तहसीलदार बाड़ी, सीडीपीओ अर्पित श्रीवास्तव बाड़ी, रामबोल सिंह गुर्जर विकास अधिकारी पंचायत समिति बाड़ी, होतमसिंह चेयरमैन प्रतिनिधि नगरपालिका बाड़ी पीएमओ डॉ. हरिकिशन मंगल, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी राजकुमार मीना सहायक लेखा अधिकारी, राजेश वर्मा सहायक प्रोग्रामर, सौरभ मित्तल छात्रावास अधीक्षक, उमेश शर्मा प्रोग्रामर सहायक, जयंती मीणा, बंशीलाल मीणा, सुरेंद्र कुमार मीणा ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी, मनोज तिवारी नर्सिंग ऑफिसर, मंजू शर्मा एएनएम, रवि शर्मा एसडीएम ऑफिस, विक्रांत मिश्रा पीए, एवं अन्य विभागों के अधिकारी /कर्मचारी मौजूद रहे।

### उदयपुरवाटी सहित आसपास के गांवों में हुई जोरदार बरसात

- **बरसात को देखकर खिले किसानों के चेहरे,गर्मी से मिली लोगों को राहत**



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी ' (सुमेर सिंह राव)**कस्बे सहित आसपास के गांवों में गुरुवार को मानसून की पहली जोरदार बरसात देखने को मिली ' बरसात से आसपास के गांव में जगह-जगह पानी भरने के भी समाचार प्राप्त हुए हैं ' लोग कई दिनों से गर्मी के कारण काफी परेशान थे लेकिन बरसात के कारण लोगों ने गर्मी से काफी राहत महसूस की है ' बरसात के कारण किसानों के चेहरे भी काफी खिले-खिले नजर आने लगे हैं ' पोसाना के किसान अंकेश खैरवा ने बताया कि बरसात के कारण अब खेतों में बिजाई का काम शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा ' किसान अंकेश खैरवा के अनुसार पोसाना गांव में भी अच्छी बरसात हुई है 'समाचार लिखे जाने तक कस्बे में रुक-रुक कर बरसात का दौर जारी था '

## भरतपुर जिले में खुश की लहर , यश अग्रवाल ने दी बधाई

# ओम बिरला के दूसरी बार बने लोकसभा अध्यक्ष , गूंजे भारत माता व गिर्राज जी महाराज के जयकारे

चमकता राजस्थान



**भरतपुर (राजवीर सिंह)** कोटा-बुन्दी लोकसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार निर्वाचित हुए भाजपा सांसद ओम बिरला के 18 वीं लोकसभा के लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बने जाने पर भरतपुर जिले सहित अन्य जिले में उद्योगपति यश अग्रवाल,भाजपा कार्यकर्ता एवं उनके समर्थकों ने खुशियां प्रकट की और दूरभाष उन्हे बधाईयां देकर मिष्ठान वितरित कर आतिशबाजी की। साथ ही यश अग्रवाल के नेतृत्व में ब्रज के देवता श्री गिर्राज जी महाराज की पूजा-अर्चना कर दुग्ध अभिषेक किया। ये 17 वीं लोकसभा के लोकसभा अध्यक्ष भी रह चुके है और ओम बिरला ने लगातार दूसरी लोकसभा अध्यक्ष बने जाने का रिकार्ड कायम किया है। ओम बिरला भाजपा के वरिष्ठ और सीनियर नेता है। लोकसभा चुनाव 2024 में कोटा-बुन्दी सीट से लगातार तीसरी बार सांसद चुने गए। ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह,केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत,केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव,केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चैहान,मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा,भरतपुर जिले के उद्योगपति व सेठ स्व.हरिचरण लाल अग्रवाल के पौत्र यश अग्रवाल,पूर्व सांसद रंजीता कोली,पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली ने बधाई दी। इसी प्रकार से दूरभाष पर पूर्व जिला प्रमुख द्वारिकाप्रसाद गोयल,उद्योगपति शक्ति सिंह,उद्योगपति नृपेश गुप्ता चेयरमेन कुम्हेर वाले,भाजपा नेता दौलत सिंह फौजदार,पूर्व जिलाध्यक्ष सतेन्द्र गोयल,यश अग्रवाल टीम प्रभारी गौरव बंसल छोटू,समाजसेवी दिलीप गोयल मथुरा गेट,पार्षद पंकज गोयल,सुरेन्द्र सिंह मोरोली कलां आदि ने बधाईयां दी। भरतपुर में यश अग्रवाल के नेतृत्व में मिष्ठान वितरण किए गए और श्री गिर्राज जी महाराज की पूजा-अर्चना की। भरतपुर जिले के उद्योगपति व सेठ स्व.हरिचरण लाल अग्रवाल के पौत्र यश अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तीन बार विधायक बने। साल 2003 में कोटा शहर से विधायक चुने गए। उसके बाद 2008 एवं 2013 में कोटा दक्षिण सीट से विधायक चुने गए। यश अग्रवाल ने बताया कि साल 2014 में कोटा लोकसभा से पहली बार सांसद चुने गए। साल 2019 में दूसरी बार कोटा लोकसभा से सांसद चुने गए और 17 वीं लोकसभा के लोकसभा अध्यक्ष चुने गए। साल 2024 में कोटा-बुन्दी लोकसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार सांसद चुने गए और 18 वीं लोकसभा से लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने गए।

# सरमथुरा उपखंड की जनसुनवाई में छाई रही क्षेत्र के लोगों की समस्याएं

## बसेड़ी विधायक ने सुनी समस्याएं, बोले-अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें।

चमकता राजस्थान



**धौलपुर( रामदास तरुण)** जिला धौलपुर के सरमथुरा उपखण्ड में आज दिनांकः-27/जून 24 को बसेड़ी विधायक संजय कुमार जाटव ने गुरुवार को सरमथुरा पंचायत समिति में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के मौके पर बड़ी संख्या में नागरिक अपनी - अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। विधायक ने सुनी समस्याएं, अधिकारी बोले शिकायतों को गंभीरता से लें! जिस पर विधायक ने सुनवाई कर मौके पर अधिकारियों को समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। क्षेत्र के लोगों की जनसुनवाई आयोजित हुई! जिसमें सर्वाधिक समस्या लगभग हर गांव में रास्तों से संबंधित और जल निकासी न होने पर कीचड़ होना, बिजली कटौती, राशन नहीं मिलने, अवैध अतिक्रमण से संबंधित समस्याओं से विधायक को अवगत कराया । विधायक संजय कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों की विशेष अभियान चलाकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण कर सात दिवस में रिपोर्ट दे! सम्बन्धित अधिकारी को पाबंद किया, कि सर्वाधिक शिकायतों में जलदाय विभाग द्वारा जेजेएम के तहत खोदी गई सड़कों की मरम्मत की जाये! और विद्युत निगम की कार्यप्रणाली को लेकर मिली शिकायत। लोगों ने विधायक को बताया कि अनेक स्थानों पर पानी की सप्लाई नवीन योजना के बाद भी सही नहीं है। कुछ गांवो में तो 10 से 15 मिनट भी पानी नहीं आने की शिकायत मिली! वहीं, गांव सुनकई के , स्कूल में खेल मैदान का समतलीकरण, गांव के कुछ रास्तों में सीसी रोड़ निर्माण करने और गांव के मुख्य मार्ग में लाइट लगाने, हैण्डपम्प रिपेयर कराने की शिकायतें मिली। विधायक ने मौके पर ही संबधित अधिकारी को फोन कर हैण्डपम्प रिपेयर करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में द्रोपती देवी प्रधान , विकास अधिकारी पंचायत समिति सरमथुरा, राजस्व विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पेयजल विभाग, बिजली विभाग समेत अन्य विभागीय अधिकारी एव कर्मचारी मौजूद थे।

# बाड़ी से एक भी बस नहीं संभाग स्तर भरतपुर तक

## आखिर कब बाड़ी की तरफ ध्यान देगा, राजस्थान रोडवेज प्रशासन

- **राजस्थान रोडवेज बसों के अभाव, डग्गेमार बाहनों की बल्ले बल्ले**

चमकता राजस्थान




धौलपुर(रामदास तरुण )बाड़ी उपखण्ड मुख्यालय से संभाग मुख्यालय भरतपुर के लिए, कोई राजस्थान रोडवेज की बस नही चलती है। बाड़ी का दुर्भाग्य है! इसलिए रोडवेज प्रशासन आज तक बाड़ी से भरतपुर संभाग मुख्यालय के लिए, कोई राजस्थान रोडवेज की गाड़ी आज तक नहीं चलाई,बाड़ी की जनता धौलपुर रोडवेज प्रशासन से मांग करना चाहती है! बाड़ी से कम से कम चार गाड़ियां भरतपुर तक चलाई जाए! जिससे रोडवेज प्रशासन की आय बढ़ेगी, आमजन को आने-जाने में सुविधा रहेगी! जैसे प्रशासनिक,, व्यापारिक, चिकित्सा हेतुः भरतपुर जाना आना तथा रिश्तेदारियों के आने - जाने सघन रूप से जुड़े बसेड़ी - जगनेर , सरेधी चौराहा, रूपबास, खानुआ, मोड होते हुए भरतपुर तक जाए। , बाड़ी से लगभग भरतपुर 100 किलोमीटर पड़ता है, राजस्थान रोडवेज प्रशासन ने एक भी रोडवेज की गाड़ी नहीं चला रखी है! इस रोड पर मोटी मलाई सूत रहे हैं , डगे मार वाहन, रोडवेज प्रशासन को बाड़ी से बसेड़ी - जागनेर होये हुए संभाग मुख्यालय भरतपुर तक 4 गाड़ियां चलानी चाहिए! राजस्थान रोडवेज प्रशासन से आम जान की अपील!

## कोटा जिले में थाना सांगोद पुलिस की कार्रवाई

### दोहरे हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार, चार अभियुक्तो को पूर्व में किया जा चुका है गिरफ्तार



चमकता राजस्थान

- **जमीनी विवाद के चलते लकड़ियों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था आरोपियों ने**

जयपुर/कोटा (खलील कुरैशी) 27 जून। थाना सांगोद पुलिस ने डबल मर्डर के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जमीनी विवाद को लेकर आरोपियों ने चाचा-भतीजे की लकड़ियों और कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी और उसे रोड पर पटक कर हादसे का रूप देना चाहा था। मामले में पुलिस इससे पहले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।ग्रामीण एसपी करण शर्मा ने बताया कि 21 जून को अशोक कुमावत व उसके भतीजे रवि उर्फ अर्जुन की लाश सांगोद पुलिस को कोटा रोड पर मिली थी। परिजनों की रिपोर्ट के अनुसार घटना की सुबह जमीन के विवाद में राजीनामा को लेकर प्रेमचंद कुमावत और नरोत्तम कुमावत ने उन्हें खेत पर बुलाया था। इसी दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे 8-10 जनों ने लाठियां व कुल्हाड़ी से हमला कर दोनों की हत्या कर दी।एसपी शर्मा ने बताया कि घटना के खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र सिंह व सीओ नरेंद्र नागर के सुपरविजन एवं एसएचओ सांगोद हीरालाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा पूर्व में चार आरोपियों प्रेमचंद, नरोत्तम कुमावत, ग्यारसी लाल कुमावत व महेंद्र कुमावत को गिरफ्तार किया गया था। घटना में शेष आरोपियों की तलाश के दौरान आसूचम एवं तकनीकी सहायता से थाना पुलिस की टीम द्वारा तीन अन्य आरोपियों जसवंत कुमावत पुत्र प्रेमचंद (36), भूपेंद्र कुमावत पुत्र नरोत्तम (24) एवं मुकेश कुमावत पुत्र नरोत्तम (20) निवासी थाना सांगोद को गिरफ्तार किया है।गौरतलब है कि दोनों परिवार आपस में रिश्तेदार है, जिनके बीच पहले से ही जमीनी विवाद को लेकर लड़ाई झगड़ा चल रहा है। आरोपियों ने चाचा भतीजे के साथ लक्ष्मीपुर गांव में मारपीट की और मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर एक्सीडेंट का रूप देने के लिए कोटा रोड पर लाकर फेंक दिया था।

## 200 सीसीटीवी फुटेज खंगाल गिरोह तक पहुंची भवानीमंडी थाना पुलिस

# सूने मकान की रेकी कर चोरी करने वाली अंतर्राज्यीय गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

चमकता राजस्थान



### पहचान छुपाने मुंह पर बांध लेते हैं कपड़ा, तोड़े हुए ताले ले जाते हैं साथ

**जयपुर/झालावाड़ (खलील कुरैशी) 27 जून।** जिले की भवानी मंडी थाना पुलिस की टीम ने सूने मकान की रेकी कर चोरी करने वाली अंतर्राज्यीय गैंग का खुलासा कर गैंग के दो सदस्य पिंटू उर्फ कन्हैया लाल बाछड़ा पुत्र राजन (30) निवासी थाना कुकड़ेश्वर जिला नीमच एवं करण उर्फ कान्हा बाछड़ा पुत्र रवि (25) निवासी थाना मनासा जिला नीमच मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर चोरी की एक बाइक जप्त की है।एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि घटना के संबंध में गोटा वाली कॉलोनी एवं रामनगर निवासी नरेंद्र सिंह, रजनी मीणा व लिलेश गोस्वामी द्वारा रिपोर्ट दी गई कि 7-8 जून की रात वे घर से बाहर गए थे। अज्ञात चोर नरेंद्र सिंह के मकान से बाइक तथा रजनी मीणा व लिलेश गोस्वामी के मकान के ताले तोड़ सोने चांदी के गहने और नगदी ले गये। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज जांच शुरू की गई एसपी तोमर ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीणा व सीओ प्रेम कुमार चौधरी के सुपरविजन एवं एसएचओ रमेश मीणा के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित की गई टीमों द्वारा राजस्थान-मध्य प्रदेश के बीच आने जाने वाले रास्तों पर लगे 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देख मध्य प्रदेश के नीमच निवासी पांच संदिग्धों पिंटू उर्फ कन्हैयालाल बाछड़ा, करण उर्फ कान्हा बाछड़ा, रवि बाछड़ा, प्रीतम बाछड़ा एवं कालू बाछड़ा की पहचान की।पहचान के बाद आसूचना संकलन, साइबर सेल की तकनीकी सहायता एवं मुखबिर मदद से दो आरोपियों पिंटू उर्फ कन्हैयालाल बाछड़ा व करण उर्फ कान्हा को टीम ने चोरी की एक बाइक के साथ डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया। इनके बाकी साथियों की गिरफ्तारी के लिए सभी संभावित स्थानों पर पुलिस दबिश दे रही है।प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने मध्य प्रदेश के अतिरिक्त राजस्थान के झालावाड़, चित्तौड़गढ़ व प्रतापगढ़ जिलों में सूने मकान में चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की अभिवृद्धित राशि का हस्तान्तरण कार्यक्रम

## नागौर जिले के 4 लाख 67 हजार 735 लाभार्थियों के खाते में 55 करोड़ 18 लाख 78 हजार 350 रुपए की राशि डीबीटी की गई

- जिला प्रभारी मंत्री के सानिध्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम टाउन हॉल में हुआ आयोजित
- राज्य के 88 लाख से अधिक लाभार्थियों के खातों में 1,037 करोड़ रुपये से अधिक राशि की हुई डीबीटी





चमकता राजस्थान

**जयपुर/नागौर,(खलील कुरैशी)** 27 जून मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को झुंझुनूं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का लाभार्थियों के खातों में सीधे हस्तांतरण (डीबीटी) किया। इस दौरान शर्मा ने लाभार्थियों से संवाद भी किया।जिला स्तर पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एवं आयोजन टाउन हॉल में किया गया। इस अवसर पर जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल मंत्री एवं प्रभारी मंत्री नागौर कन्हैयालाल चौधरी, जिला प्रमुख भागीरथ चौधरी ,पूर्व विधायक मोहन राम चौधरी, जनप्रतिनिधि रेवंत राम डांगा भाजपा जिलाध्यक्ष रामनिवास सांखला, मेड़ता प्रधान संदीप चौधरी,जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित,अतिरिक्त जिला कलक्टर चम्पालाल जीनगर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविन्द्र कुमार सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक टाउन हॉल में मौजूद रहें।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास की भावना से राज्य सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति और उनके परिवार को राज्य सरकार की सुविधाओं से लाभान्वित करने को प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्रीभजनलाल शर्मा द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का एक साथ सीधा हस्तांतरण लाभार्थियों के खाते में किया गया। जिला प्रभारी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने वीर तेजाजी व मीराबाई की धरती को नमन करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के वचित लाभार्थियों से जो वादा किया, उसको निभाने की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे नागौर की जनता की सेवा करने की मिली है मैं समर्पित होकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की योजनाओं को आप तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा। चौधरी ने पिछली सरकार की बिजली व पानी की व्यवस्थाओं में की गई गलतियों को सुधारते हुए जल्द ही राहत देने की बात कही उन्होंने कहा कि जिले के लिए आरक्षित पानी है वह जिले वासियों को मिले इसका प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी सरकार बिजली को लेकर भारत सरकार की नवरत्न कंपनियों के साथ एमओयू कर सकारात्मक परिणाम आपके सामने लाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने यमुना नहर का पानी जिले वासियों तक पहुंचाने की भी बात कही। चौधरी ने अपने संबोधन के अंत में कहा कि हमारी सरकार आगामी 5 वर्ष में राज्य में पानी, बिजली, स्वास्थ्य, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।कार्यक्रम में जिले के 4 लाख 67 हजार 735 लाभार्थियों के खाते में 55 करोड़ 18 लाख 78 हजार 350 रुपए की राशि डीबीटी की गई। राज्य भर के 88 लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में 1037 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी की गई। एक अप्रैल, 2024 से पेंशन राशि 1,000 रुपये से बढ़ाकर 1,150 रुपए कर दी गई है।

### इन योजनाओं के लाभार्थियों को मिला लाभ

» उपनिदेशक किशनाराम लोल ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, लघु एवं सीमान्त वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय नि:शक्त पेंशन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिनकी बढ़ी हुई राशि का लाभार्थियों के खातों में सीधे हस्तांतरण (डीबीटी) किया गया।जिला स्तरीय कार्यक्रम में शहर के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थी (वृद्धजन, विधवा, नि:शक्तजन) ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इसके साथ ही कार्यक्रम ग्राम पंचायत व पंचायत समिति स्तर पर भी आयोजित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पचलंगी में शिवानी खाण्डल को ग्रामीणो ने चुनरी ओढ़ाकर किया सम्मान

- न्यायालय में अभ्यास का शुभारंभ करने पर बेटी शिवानी खांडल का किया सम्मान:- मदनलाल भावरिया



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी '(सुमेर सिंह राव)**उपखंड क्षेत्र के पचलंगीमातेश्वरी मंदिर व परशुराम मंदिर परिसर मे धर्म प्रेमी मदनलाल भावरीया के नेतृत्व मे शिवानी खाण्डल को चूनड़ी ओढ़ाकर उज्जवल भविष्य की कामना की ।भाजपा मण्डल अध्यक्ष पवन कुमार जोशी व डां दिनेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया की बेटी शिवानी खाण्डलनेएलएलबीकरके ,नीमकाथाना मे वरिष्ठ एडवोकेट सत्यनारायण सैनी के सानिध्य मे न्यायलय मे अभ्यास का शुभारंभ किया।इस अवसर पर ग्रामीणों ने बेटी को चुनडी ओढ़ाकर सम्मान किया।इस अवसरए रएडवोकेटशिवानीखाण्डल,भाजपा छापोली मण्डल अध्यक्ष पवन कुमार जोशी,ग्राम सेवा सहकारी समिति पचलंगी अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह कुड़ी,दिनेश शर्मा ,सागरमल बड़सरा,मातेश्वरी मंदिर पुजारी ओमप्रकाश पटेल, जगदीश प्रसाद सैनी,कैलाश शर्मा जहाज,श्रवण देवी,संतोष देवी,माया देवी,पुष्पा देवी,रेखा देवी, आरती जांगीड, अंकिता जांगीड, अजय,अंकित ,अंजली सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ता रवि सैनी ने झुंझुनू मुख्यमंत्री के आने पर प्रतीक चिन्ह देकर किया अभिनंदन



**चमकता राजस्थान।** उदयपुरवाटी/ बाघोली (सुमेर सिंह राव)झुंझुनू में गुरुवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आने पर उदयपुरवाटी के वरिष्ठ भाजपा नेता रवि सैनी ने सीएम को राधे राधे प्रतीक ओढ़ाकर अभिनंदन किया। सैनी ने उदयपुरवाटी क्षेत्र में चल रही पेयजल समस्या को भी अवगत करवाया। कुंभाराम लिफ्ट परियोजना से जुड़े गांवों में पाइपलाइन से जोड़कर शीघ्र पानी उपलब्ध कराने की मांग की। इस दौरान झुंझुनू प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ,भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जोधपुर के सुमेर बेनीवाल ने बढ़ाया गौरव, नेपाल से भारत के लिये जीत लाये गोल्ड मेडल

चमकता राजस्थान



**जयपुर/जोधपुर !(खलील कुरैशी)** .नेपाल में आयोजित सॉफ्ट-बेसबॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम में जोधपुर के सुमेर बेनीवाल ने भी प्रतिनिधित्व किया। बेनीवाल ने सहभागिता निभाते हुए भारत की टीम को गोल्ड मेडल दिलाने में अहम भूमिका निभाई है नेपाल के पोखरा शहर में आयोजित टूर्नामेंट में भारतीय टीम में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में भारतीय टीम ने चीन को 12-02 से हराकर के भारत ने स्वर्ण पदक जीता ।इस से पहले भारतीय टीम ने अपने पूल मैच में नेपाल को 10-0 से , पाकिस्तान को 3-2 , बंग्लादेश को 6-2 से हराया ।इस के बाद टीम ने सेकंड पूल में श्रीलंका को 7-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था । ये टूर्नामेंट नेपाल के पोखरा में 21 जून से 23 जून तक आयोजित हुआ था ।

गोल्ड मेडल जीत कर के आने पर बेनीवाल का ग्रामीणों किया स्वागत

नन्दवान गांव के सुमेर बेनीवाल ने नेपाल में सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। खिलाड़ी का गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। गांव के लोगों ने फूलों की बरसात करके गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी बेनीवाल का पूरा मान सम्मान किया। इस दौरान पूर्व सरपंच प्रतिनिधि हनुमान राम मोठड़ा भी कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमें हमारे बेटे पर गर्व है कि उन्होंने विदेशी धरती पर जाकर गोल्ड मेडल जीतकर पूरे देश का नाम रोशन किया है। पंचायत समिति सदस्य पारस राम एम्पा ने भी गोल्ड विजेता खिलाड़ी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया और कहा कि पूरे गांव को सुमेर बेनीवाल पर नाज है उन्होंने गांव का नाम विदेशों तक चमका दिया है। समाज सेवी अमृत गौड़ करनाराम नायक, प्रेमसिंह राजपुरोहित रमेशसिंह राजपुरोहित सुनील गोदारा, अशोक बंजारा बगाराम बेनीवाल, सुरेंद्र भाम्भू , रमेश बेनीवाल में कहा कि हमारे क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस जरूरत है मौका मिलने की और सुमेर बेनीवाल ने यह साबित भी कर दिया है। नन्दवान गांव के किसान बाबुराम के बेटे सुमेर बेनीवाल ने नेपाल में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिख दिया है। गोल्ड मेडल जीतकर जब वह गांव में पहुंचा तो उनके स्वागत में पूरा गांव उमड़ पड़ा। ऐसा ऐतिहासिक स्वागत देखकर उसकी आंखों में खुशी के आंसू थे।

- **इन गणमान्यजनों ने दी बधाइयां एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं**

» उनकी इस उपलब्धि पर लूणी विधायक व कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल नागौर सासंद हनुमान बेनीवाल बाड़मेर सासंद उम्मेदाराम बेनीवाल और मित्रों ने कॉल कर के बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

## सवाईमाधोपुर में पटवारी 6 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

चमकता राजस्थान



**जयपुर! (खलील कुरैशी)27 जून, गुरूवार ।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. टोंक इकाई द्वारा आज सवाईमाधोपुर में कार्यवाही करते हुये आशीष मीणा पटवारी पटवार हल्का गोठड़ा, तहसील मित्रपुरा, जिला सवाईमाधोपुर को परिवादी से 6 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया हैभ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की टोंक इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि नामान्तकरण खोलने एवं हक त्याग का इन्द्राज करने की एवज में आरोपी आशीष मीणा पटवारी पटवार हल्का गोठड़ा, तहसील मित्रपुरा, जिला सवाईमाधोपुर द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरवीजन में ए.सी.बी. टोंक इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबर मल के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के सवाईमाधोपुर में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी आशीष मीणा पटवारी पटवार हल्का गोठड़ा, तहसील मित्रपुरा, जिला सवाईमाधोपुर को परिवादी से 6 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जाँच, मिला उपचार



चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम। 27 जून।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरूवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 09, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जाँच व उपचार किया गया। उनके रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवशयक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जाता है, जिससे गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने में मदद मिल सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को एक स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। गर्भवती महिलाओं को रोगों, उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, जिससे बच्चे के स्वस्थ जीवन के साथ ही सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित किया जा सके और जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य में आने वाले जोखिम को पूर्व में पहचान कर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा सके।

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के लाभार्थियों को 30 जून तक ई-केवाईसी करवाना है अनिवार्य

## जिला रसद अधिकारी, जयपुर ग्रामीण ने किया उचित मूल्य दुकानों का औचक निरीक्षण

चमकता राजस्थान



- अनुराधा गोगिया ने कम ई-केवाईसी करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी करने के दिये निर्देश
- लाभार्थी प्राप्त कर सकते हैं मई एवं जून माह का राशन

जयपुर! (खलील कुरैशी) 27 जून। जिला रसद अधिकारी, जयपुर ग्रामीण अनुराधा गोगिया ने गुरवार को बस्सी उपखण्ड की उचित मूल्य की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गोगिया ने उचित मूल्य दुकानदार को सभी पात्र परिवारों की ई-केवाईसी करने तथा माह मई 2024 का गेहूँ वंचित परिवारों को देने के निर्देश प्रदान किये।निरीक्षण के दौरान कम ई-केवाईसी करने वाले उचित मूल्य दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए। गोगिया ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा माह मई 2024 खाद्य सुरक्षा योजना के वितरण की अवधि 30 जून 2024 तक बढ़ाई गई है। ऐसे चयनित पात्र उपभोक्ता जिनके द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत का गेहूं प्राप्त नहीं किया है वे अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकान से राशन कार्ड, आधार कार्ड उचित मूल्य दुकानदार को प्रस्तुत कर माह मई एवं जून 2024 की राशन सामग्री प्राप्त कर सकते हैं।साथ ही उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना में जयपुर ग्रामीण के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित पात्र 6 लाख परिवारों को 30 जून 2024 तक ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है। जिला रसद अधिकारी की कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अधिकारी कल्याण सहाय करोल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## दिनभर चला जन्मदिन की शुभकामनाओं का दौर, लगा बधाई देने वालों का तांता।

# भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उत्साह - उल्लास से मनाया जयपुर ग्रामीण के लाड़ले सांसद राव राजेन्द्र सिंह का जन्मदिन

- **विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का किया आयोजन**







**जन्मदिन के उपलक्ष पर साप्ताहिक सेवा कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह किए जा रहे सेवा कार्य**

चमकता राजस्थान

शाहपुरा (खलील कुरैशी) जयपुर ग्रामीण के लाड़ले जनसेवक सांसद राव राजेंद्र सिंह के 66वें जन्मदिन के पावन अवसर पर जयपुर ग्रामीण परिक्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों द्वारा अपने लोकप्रिय व्यक्तित्व के धनी जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह को दिनभर उनके जन्मदिन पर व्यक्तिगत मिलकर एवं टेलिफोन पर बातचीत, मैसेज, सोशल मीडिया द्वारा बधाइयां देने वालों का तांता सा लगा रहा। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि राव राजेंद्र सिंह के जन्मदिन पर जयपुर ग्रामीण परिक्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा साप्ताहिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत बुधवार को शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के खोरी परमानंद धाम संत हरिओम दास जी महाराज के सानिध्य में शाहपुरा नगर मंडल अध्यक्ष महेश मित्तल की उपस्थिति में शाहपुरा नगरपालिका अध्यक्ष बंशीधर सैनी ,नगरपालिका उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष रवीश खटाणा, मंडल संयोजक जगदीश कुमावत, सहसंयोजक श्याम सुंदर राज जोशी, महामंत्री महेश पारीक, उपाध्यक्ष राजेश पलसानिया, उपाध्यक्ष राकेश दाधीच, किसान मोर्चा अध्यक्ष भीवाराम ढबास, पार्षद पुनित भदोरिया, पार्षद कानाराम योगी, पार्षद एडवोकेट नरेश कुमार शर्मा, समाजसेवी राजेश मंडोवरा, एडवोकेट पवन शर्मा, विष्णु अग्रवाल आदि कार्यकर्ताओं के द्वारा गौशाला की गायों को चारा व गुड आदि खिलाते हुए गौ सेवा की गई।इस दौरान पूर्व विधायक वरिष्ठ भाजपा नेता आलोक बेनीवाल द्वारा शाहपुरा एवं मनोहरपुर में संचालित अन्नपूर्णा रसोई में लोगों को निशुल्क भोजन करवाया गया तथा राजकीय अस्पतालों में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित करवाया गया इसके साथ ही आलोक बेनीवाल ने सांसद राव राजेंद्र सिंह के उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की मंगलकामना भी करी। इसके अलावा साप्ताहिक सेवा कार्यक्रम के तहत राजकीय उप जिला चिकित्सालय शाहपुरा में डॉक्टर संजय सिंह शेखावत, डॉ. नरेश अग्रवाल, डॉ. गिरधारी लाल पलसानिया, डॉक्टर मेघराज झालानी की उपस्थिति में भाजपा युवा मोर्चा शाहपुरा अध्यक्ष एवं पार्षद रोशन बागड़ी के नेतृत्व में उपाध्यक्ष विनोद जांगिड़, पार्षद पुनीत भगेरिया, राकेश कुमार पलसानिया आदि भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा अस्पताल में मरीजों को फलों का वितरण किया गया।इस दौरान सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष में साप्ताहिक सेवा कार्यक्रम के तहत सेवा कार्य करते हुए भगवान से राव राजेंद्र सिंह के स्वस्थ जीवन, उन्नति एवं प्रगति के लिए प्रार्थना की इस मौके पर मनोहरपुर नगरपालिका चेयरमैन सुनीता प्रजापत, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष माधानी, रामप्रकाश नाई,बी.एस. बेनीवाल ,जमील खान चौहान, ब्रजेश सोनी, बसंत पंच, रमेश कोटड़ी वाला, ओमप्रकाश पटवा, पुरण बेनीवाल,नवल शर्मा, मनीष कुमावत, एडवोकेट अशोक व्यास, महिपाल गुर्जर,आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने राव सिंह के द्वारा किए गये विकास कार्यों की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, और उज्जवल राजनीतिक जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित कर अपने लाड़ले तथा लोकप्रिय जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह को उनके जन्मदिवस पर बधाइयां दी!

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर में नाले के पास मिला युवक का शव

- **झाड़ियों में गिरा पड़ा मिला, पास पड़े थे नशे के इंजेक्शन-शीशी**



**चमकता राजस्थान/ जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर में नाले के पास गुरुवार सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव अमीनशाह दरगाह के पास झाड़ियों में पड़ा मिला। लाश के पास ही नशे के इंजेक्शन और शीशी पड़ी मिली। भट्टाबस्ती थाना पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने कांवटिया हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। एसएचओ (भट्टाबस्ती) कैलाश चन्द ने बताया- सुबह करीब 9 बजे अमीनशाह दरगाह के साइड में नाले के पास एक युवक की लाश पड़ी मिली थी। युवक का शव पड़ा होने की सूचना पर स्थानीय लोगों मे सनसनी फैल गई। भट्टाबस्ती थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान बलवीर सिंह उर्फ बंटी बन्ना (30) पुत्र नारायण सिंह निवासी जीएस कॉलोनी रोड नंबर-17 विश्वकर्मा के रूप में हुई। लाश के पास जमीन पर नशे के इंजेक्शन-शीशी भी पड़े मिले है। पुलिस ने स्त्रस्त्रुटीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस प्रथमदृष्टया माना जा रहा है कि रात के समय ही नशे के ओवर डोज से युवक की मौत हुई है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पूरी तरह खुलासा हो सकेगा।

### तबादलों पर कृषि मंत्री किरोड़ीलाल और शिक्षा मंत्री दिलावर में टकराव

- **कृषि मंत्री की मंजूरी से हुए इंजीनियरों के ट्रांसफर पर जॉइनिंग रोकी**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** तबादलों को लेकर भजनलाल सरकार के दो मंत्रियों और विभागों के बीच टकराव शुरू हो गया है। कृषि विभाग ने पिछले दिनों इंजीनियरों के तबादले कर उन्हें जिला परिषदों और पंचायत समितियों में पोस्टिंग दी।कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की मंजूरी से किए गए तबादलों पर अब मदन दिलावर के पंचायती राज विभाग ने कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए रोक लगा दी है। इसे कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के बीच विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग ने कृषि विभाग के आदेशों से किए गए इंजीनियरों के तबादलों को मानने से ही इनकार कर दिया। पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग ने सभी जिला परिषद सीईओ को लेटर लिखकर हाल ही में कृषि विभाग से जिला परिषदों और पंचायत समितियों में लगाए गए इंजीनियरों को जॉइन नहीं करवाने और उन्हें तत्काल मूल विभाग में भेजने के आदेश दिए हैं। आदेश नहीं मानने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस मुद्दे पर कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा और मदन दिलावर ने कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन इस पूरे प्रकरण से टकराव सामने आ गया है। किरोड़ीलाल मीणा के पास कृषि, उद्यानिकी, ग्रामीण विकास, आपदा राहत विभाग है। मदन दिलावर के पास स्कूल शिक्षा, पंचायती राज विभाग है। ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग अब तक एक ही मंत्री के पास रहते आए हैं। इस सरकार में इस विभाग को दो मंत्रियों में बांट दिया है।

## जयपुर रेलवे स्टेशन पर डीआरआई ने करी सफल कार्रवाई

### 2.किलो 400 ग्राम तस्करी का सोना बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की एक सफल कार्रवाई में दो किलो 400 ग्राम तस्करी का सोना बरामद किया गया। इस कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से दो को जयपुर रेलवे स्टेशन से और एक को कोलकाता स्टेशन से पकड़ा गया। बरामद किए गए सोने की कीमत बाजार में लगभग 1.80 करोड़ रुपए आंकी गई है।बांग्लादेश के रास्ते भारत में लाया जा रहा था सोना डीआरआई के अधिकारियों के अनुसार ये सोना बांग्लादेश के रास्ते भारत में तस्करी कर लाया गया था। तस्करी के इस संगठित गिरोह के सदस्य राजस्थान के नागौर जिले के निवासी हैं। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया है कि गिरोह लंबे समय से सोने की तस्करी में लिप्त था और



बांग्लादेश से सोने को भारत लाने के लिए जटिल नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहा था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहन सिंह, अनिल शर्मा, और रवि सिंह के रूप में हुई है डीआरआई ने इन्हें गिरफ्तार करने के बाद तुरंत न्यायालय में पेश किया, जहां कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 14 जेआरयू दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों की पहचान में जुटी डीआरआई, डीआरआई के सूत्रों के अनुसार इस तस्करी के नेटवर्क का विस्तार और अधिक व्यापक हो सकता है। इससे जुड़े अन्य सदस्यों की पहचान की जा रही है।

- **बांग्लादेश से भारत में सोने की तस्करी नागौर जिले के थे तस्कर**

नागौर जिले के इन तस्करों के खिलाफ की गई इस कार्रवाई से सोने की तस्करी पर अंकुश लगाने के प्रयासों को बल मिला है। डीआरआई के अधिकारी अब इस तस्करी के पीछे के मास्टरमाइंड की तलाश में जुटे हुए हैं और उनके संपर्कों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। इस कार्रवाई से सोने की तस्करी पर एक बड़ी चोट पहुंची है और इसके परिणामस्वरूप सोने की कालाबाजारी पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।के इस मार्ग का उपयोग करके बड़ी मात्रा में सोना लाया जा रहा था, जिसे स्थानीय बाजार में बेचा जा रहा था। इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं और तस्करी के नेटवर्क की और परतें खुल सकती हैं।

## राजस्थान यूनिवर्सिटी के स्विमिंग पूल में डूबने से छात्र की मौत

- **सिर्फ़ साढ़े तीन फीट की गहराई तक ही था पानी,**
- **परिजन बोले-इतने कम पानी में कैसे डूबा, मौत पर जताया संदेह**

**चमकता राजस्थान। जयपुर। (खलील कुरैशी)**राजस्थान यूनिवर्सिटी के स्विमिंगपूल में गुरुवार शाम एक स्टूडेंट डूब गया। मौके पर मौजूद स्टाफ और छात्रों ने उसे बचाने की भी कोशिश की। अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जहां युवक डूबा, वहां सिर्फ साढ़े तीन फीट गहराई थी। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने पूरे मामले की जांच की मांग की है। मृतक के भाई का कहना है कि इतने कम पानी में वो कैसे डूब



गया। मृतक विकास यादव (21) पुत्र राज मोहन मूल रूप से नीमकाथाना का रहने वाला है, जो राजस्थान यूनिवर्सिटी के अंबेडकर हॉस्टल में रहकर फिजिक्स डिपार्टमेंट से पीजी की पढ़ाई कर रहा था। इस बार गर्मियों में विकास ने अपने साथियों के साथ राजस्थान यूनिवर्सिटी में सालों बाद शुरू हुए स्विमिंग पूल में जाना शुरू किया था। पिछले दो महीने से साथियों के साथ स्विमिंग पूल में शाम 5 से 5:45 के बैच में स्विमिंग करने भी जाता था। गुरुवार शाम डूबने से उसकी मौत हो गई।साढे तीन फीट गहराई वाले हिस्से में स्विमिंग कर रहा था युवक

राजस्थान यूनिवर्सिटी के स्विमिंग पूल के कोच विजय बिश्नोई ने बताया कि शाम को आम दिनों की तरह विकास 5 बजे वाले बैच में अपने साथियों के साथ स्विमिंग करने पहुंचा था। इस दौरान वह स्विमिंग पूल के शुरुआती हिस्से (साढ़े तीन फीट गहराई) वाले एरिया में ही अपने साथियों के साथ स्विमिंग कर रहा था। आम दिनों की तरह वे और अन्य स्टाफ नजदीक खड़े थे।साथ में स्वीमिंग कर रहे स्टूडेंट्स ने बताया कि युवक बेहोश हो गया विजय बिश्नोई ने बताया कि अचानक एक स्टूडेंट्स ने आवाज लगाई और बताया कि विकास बेहोश हो गया है। इसके बाद साढ़े तीन फीट की गहराई से विशाल को बाहर निकाला। उसे होश में लाने की कोशिश करने लगा। तब तक उसकी सास चल रही थी। उसे प्राथमिक उपचार भी दिया, लेकिन होश में नहीं आया। बाद में उसे सवाई मानसिंह अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## राज्यपाल मिश्र ने गंगाराम मूलचंदानी को मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष एवं रिटायर्ड आईपीएस अशोक गुप्ता को सदस्य पद पर किया नियुक्त

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** राज्यपाल कलराज मिश्र ने सेवानिवृत न्यायाधीश गंगाराम मूलचंदानी को राज्यमानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और भारतीय पुलिससेवा के सेवानिवृत अधिकारी अशोकगुप्ता को सदस्य के रूप में नियुक्ति केगंगाराम मूलचंदानी अशोक गुप्ताआदेश जारी किए हैं। राज्यपाल ने राजस्थान मानवाधिकार संरक्षणअधिनियम 1993, (मानवाधिकार संरक्षण, (संशोधन) अधिनियम2019 अधिनियम संरक्षण 19, 2019 द्वारा संशोधित) की धारा22 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इनदोनों को पद धारण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि अथवा 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो के लिए यहनियुक्ति की है।





# मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में निर्बाध रूप से जयपुर विकास प्राधिकरण की कार्रवाई जारी

**मानसरोवर मैट्रो स्टेशन से सांगानेर फ्लाई ओवर तक 200 फीट सेक्टर रोड़ पर किये गये अवैध कब्जे-अतिक्रमणों को हटाए**

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 27 जून।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन पीआरएन-साउथ में मानसरोवर मैट्रो स्टेषन से सांगानेर फ्लाई ओवर तक 200 फीटसेक्टररोड़परकियेगयेअवैधकब्जों-अतिक्रमणों को हटवाने की कार्यवाही दिनांकः 26.06.2024 से शुरू की गई है, जिसमें से आज 27.06.2024 को रजत पथ से मंगल फार्म, न्यू सांगानेर रोड़ तक करीब 2.5 कि.मी. तक के एरिया में लगभग 230 अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटवाया गया।मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में उपायुक्त पी.आर.एन. (साउथ),





उप नियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-08, 09, 14, पी.आर.एन. (नोर्थ) एवं पीआरएन (साउथ) के सहयोग से रजत पथ से मंगल फार्म, न्यू सांगानेर रोड़ तक रोड़ सीमा से करीब 2.5 किलोमीटर के दायरे में 160 दुकानें/मकानों, 03 मैरिज गार्डन, 40 गोदाम/व्यवसायिक प्रतिष्ठान, 12 रेस्टोरेन्ट/ढ़ाबें, 15 रिक्त बाउण्ड्रीवाल, होर्डिंग-साइन बोर्ड इत्यादि द्वारा किये गये लगभग 230 स्थाई-अस्थाई अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी, पोकलेण्ड मशीन व लोखण्डा गैस कटर, मजदूरों की सहायता से हटाया जाकर 200 फीट रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन के निर्देशन में उपायुक्त पी.आर.एन.(साउथ) समस्त उपनियंत्रक प्रवर्तन एवं प्रवर्तन अधिकारी जोन-08, 09, 14, पी.आर.एन.(नोर्थ), पी. आर.एन.(साउथ), पुलिस लाईन से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस जाप्ता, स्थानीय पुलिस थाना, मानसरोवर व मुहाना का पुलिस बल तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की जा रही है। उन्होंने बताया कि दिनांकः28.06.2024 को मंगल फार्म से सांगानेर पुलिया तक 200 फीट रोड़ सीमा परकियेगयेअवैधकब्जों-अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। अतः आमजन से अपील है कि प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक कार्यवाही के दौरान वैकल्पिक मार्ग से ही आवागमन करें।

# परिवहन निरीक्षक से मारपीट के मामले में अब कोई प्रभावी कारवाई नहीं होने राजस्थान परिवहन संघ ने दर्शायी नाराज़गी

## पीड़ित परिवहन निरीक्षक को इंसाफ मिलने तक प्रदेशभर के निरीक्षक करेंगे कार्य का बहिष्कार

चमकता राजस्थान

जयपुर !(खलील कुरैशी) ।चूरू में परिवहन निरीक्षक के साथ मारपीट करने के मामले में कारवाई नहीं करने से नाराज परिवहन निरीक्षकों ने गुरुवार को कार्य का बहिष्कार किया। इस दौरान पीड़ित परिवहन निरीक्षक को मुख्यालय भेजने पर भी खुलकर रोष जताया गया। राजस्थान परिहवन निरीक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि चूरू में परिवहन निरीक्षक सुरेश बिश्नोई के साथ गाली गलौज की गई थी। जिसकी जानकारी उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक एवं परिवहन आयुक्त को दी गई थी लेकिन, मामले में अब तक कोई कारवाई नहीं की गई। इसके चलते आरोपियों द्वारा गत 19 जून 2024 को परिवहन निरीक्षक सुरेश बिश्नोई पर लाठी से हमला कर दिया था। जिसकी उसी दिन एफआईआर भी दर्ज करवाई गई थी। एक हफ्ते बाद भी पुलिस आरोपियों पर मेहरबान बने हुए है। इससे परिवहन विभाग के निरीक्षकों में डर का माहौल बन गया है। परिवहन निरीक्षकों द्वारा पीड़ित परिवहन निरीक्षक को हराकर मुख्यालय लगाने के फैसले पर भी ऐतराज जताते हुए पुनः चुरू लगाने की मांग की गई चौधरी ने कहा कि जब तक पीड़ित को इंसाफ नहीं मिल जाता, तब तक सभी परिवहन निरीक्षक कार्य का बहिष्कार करेंगे।परिवहन विभाग की निजी बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के साथ बैठक आयोजित।परिवहन मुख्यालय में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा की अध्यक्षता में बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के साथ तीस सूत्रीय मांगों को लेकर बैठक आयोजत की गई। बैठक में निजी बस ऑपरेटर्स ने करों के सरलीकरण, नयें मार्गों को खोलने सहित विभिन्न समस्याओं से अतिरिक्त मुख्यसचिव को अवगत करवाया। गुहा ने बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन की मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार कर उनकी समस्याओं/मांगों के त्वरित समाधान करने हेतु आश्वस्त किया गया। बैठक में परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा एवं अन्य विभागीय अधिकारीगण तथा बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। साथ ही निजी बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन की ओर से राजेन्द्र शर्मा, सत्यनारायण साहू, प्रवीण अग्रवाल एवं एसोसिएशन के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### राजस्थान परिवहन निरीक्षक संघ ने की पुनः चूरू लगाए जाने और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

## एक नजर

### उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय विद्युतमंत्री मनोहर लाल से की भेंट



**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय विद्युतमंत्री मनोहर लाल खट्टर से शिष्टाचार भेंटकर बधाई और शुभकामनाएं दी । इस दौरान मनोहर लाल से उत्तराखंड के लिए केंद्रीय तापीय संयंत्रों से 500 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति के लिए स्थायी रूप से आवंटित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में विद्युत उत्पादन के लिए केवल जल विद्युत ऊर्जा उत्पादन केन्द्रों की उपलब्धता है, जिसके फलस्वरूप राज्य के कुल ऊर्जा मिश्रण में 55% से अधिक ऊर्जा जल विद्युत ऊर्जा स्त्रोतों से प्राप्त होती है। कोयला आधारित संयंत्रों से राज्य के ऊर्जा मिश्रण में केवल 15% ऊर्जा ही प्राप्त होती है। बेस लोड क्षमता का अभाव राज्य की ऊर्जा सुरक्षा के लिए कठिन चुनौती बनता जा रहा है।

### शारदा बैराज से अज्ञात शव बरामद

**टनकपुर (चम्पावत)।** टनकपुर में शारदा बैराज से एसडीआरएफ की टीम ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। एसडीआरएफ ने शव को जिला पुलिस को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार टनकपुर पुलिस ने गुरुवार सुबह एसडीआरएफ टीम को सूचना दी कि शारदा बैराज में एक शव दिखाई दे रहा है। एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और शव को बैराज से बाहर निकाला। इसके बाद एसडीआरएफ ने शव को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस शव की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से बालक की मौत

**मीरजापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के ददरा मुतलके रामपुर गांव में बुधवार की शाम पानी भरे गड्ढे में गिर जाने से 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। ददरा मुतलके रामपुर गांव निवासी रामू का 10 वर्षीय पुत्र प्रमोद बुधवार शाम खेलते-खेलते घर के पास स्थित पानी से भरे गड्ढे में गिर गया। पड़ोसियों से मिली जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंच गए लेकिन जब तक पानी भरे गड्ढे से बालक को बाहर निकालते, उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष राजगढ़ अमित कुमार ने बताया कि एक बालक की गड्ढे में डूबकर मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### हल्द्वानी के काठगोदाम में बच्चे को उठा ले गया गुलदार, जंगल के पास मिला शव

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी के काठगोदाम में बीती रात घात लगाए बैठा गुलदार ने एक बच्चे को इठा ले गया। घटना की जानकारी वन विभाग और पुलिस टीम को दी गई। टीम ने बच्चे की तलाशी के लिए अभियान चलाया और आज तड़के बच्चे का शव जंगल के पास से बरामद किया गया। काठगोदाम में निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के पास रेलवे पटरी की ओर रहने वाले एक परिवार का सात वर्षीय बच्चा बीती रात अपनी दादी के साथ घर से बाहर निकला था। इसी दौरान घात लगाकर बैठा गुलदार बच्चे पर हमला कर उसे उठा ले गया। स्थानीय लोगों ने वन विभाग और पुलिस प्रशासन को घटना की सूचना दी। देर रात तक बच्चे की तलाश की गई, लेकिन बच्चे का पता नहीं चल पाया। आज तड़के बच्चे का शव जंगल के पास मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर, हल्द्वानी एसडीएम परितोष वर्मा और तहसीलदार सचिन कुमार मृतक के घर गए और परिजनों को उचित मुआवजा दिए जाने के लिए वन विभाग को निर्देश दिए हैं। फिलहाल वन विभाग अब गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाएगी और आस-पास गश्त की जाएगी।

### नेपाल के गृहमंत्री रवि लामिछाने को संसदीय जांच समिति ने बयान के लिए तलब किया

**काठमांडू।** नेपाल के उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री रवि लामिछाने को संसदीय जांच समिति ने पत्र लिखकर बयान के लिए तलब किया है। लामिछाने की कंपनी पर सरकारी बैंकों के जरिए आर्थिक अनियमितता करने का आरोप है। संसदीय समिति इसी गोलमाल की जांच कर रही है। समिति ने लामिछाने को एक हफ्ते के भीतर पेश होकर बयान दर्ज कराने को कहा है। संसदीय समिति के संयोजक सूर्य थापा ने कहा कि रवि लामिछाने को सभी दस्तावेजों सहित उपस्थित होने के लिए कहा गया है। समिति ने रवि लामिछाने की गोरखा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड में गलत तरीके से निवेश करने वाली नौ सहकारी कंपनियों को दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा है। इतना ही नहीं रवि लामिछाने के नाम पर व्यक्तिगत ऋण देने वाले चार सहकारी बैंकों से भी दस्तावेज मांगे गए हैं। गृहमंत्री रवि लामिछाने पर आरोप है कि उन्होंने अपने व्यवसायिक पार्टनर जीबी राई के साथ मिलकर गोरखा मीडिया नामक एक निजी कंपनी खोली। उसका मैनेजिंग डायरेक्टर रवि लामिछाने को बनाया गया। जीबी राई से संबद्ध चार सहकारी बैंकों ने रवि लामिछाने को गलत तरीके से करीब 2 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत लोन दिया।

## पिता को लीवर दान कर सकेगी नाबालिग बेटी, हाई कोर्ट से भी मिली अनुमति

- मेडिकल कॉलेज और प्रदेश सरकार ने पहले दे दी थी अनुमति

इंदौर। एजेंसी

नाबालिग बेटी अपने पिता को लीवर दान कर सकेगी। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने गुरुवार को नाबालिग बेटी की गुहार को स्वीकार करते हुए इसकी अनुमति दे दी है। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि पूरी सावधानी बरतते हुए जल्द से जल्द ऑपरेशन किया जाना चाहिए। कोर्ट से अनुमति मिलने के तुरंत बाद अस्पताल में भर्ती पिता और बेटी को लीवर ट्रांसप्लांट के लिए निगरानी में ले लिया गया है।

नाबालिग बेटी द्वारा दायर याचिका पर गुरुवार सुबह 10.30 बजे न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकल पीठ में सुनवाई हुई। सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि मेडिकल कॉलेज की रिपोर्ट के बाद स्वास्थ्य आयुक्त ने भी अपनी रिपोर्ट में नाबालिग को लिवर देने के लिए पूरी तरह से फिट बताया है। ये दोनों रिपोर्ट कोर्ट रिकार्ड में उपलब्ध हैं।

इस पर न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि कुछ तकनीकी समस्या के चलते उनके सिस्टम में ऑनलाइन दस्तावेज नहीं खुल रहे हैं, लेकिन वे इस याचिका को स्वीकारते हुए नाबालिग को लिवर ट्रांसप्लांट की अनुमति दे रहे हैं। ट्रांसप्लांट में पूरी सावधानी बरती जाए और इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि नाबालिग के जीवन को कोई संकट न हो। अस्पताल जल्द से जल्द सर्जरी करे। गौरतलब है कि इंदौर के नजदीकी गांव बेटमा निवासी 42 वर्षीय शिवनारायण बाथम पेशे से कृषक हैं। वे



पहलवान भी रहे हैं और विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता भी जीत चुके हैं। वह करीब छह वर्ष से लीवर की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। डॉक्टरों ने करीब दो माह पहले उनसे कह दिया था कि उन्हें लीवर ट्रांसप्लांट कराना पड़ेगा। इसके अलावा कोई अन्य उपचार नहीं है। शिवनारायण की बड़ी बेटी प्रीति अपने पिता को अपना लीवर देने को तैयार भी हो गई, लेकिन समस्या यह थी कि उसकी आयु 17 वर्ष 10 माह है और कानूनन एक नाबालिग अपना लीवर दान नहीं कर सकती थी।

कोर्ट की अनुमति के बगैर डाक्टरों ने भी लीवर ट्रांसप्लांट से इनकार कर दिया था। इस पर परिजनों ने एडवोकेट नीलेश मनोरे के माध्यम से मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य आयुक्त को आदेश दिया था कि वे नाबालिग की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि क्या वह लीवर का कुछ हिस्सा देने के लिए पूरी तरह से फिट है। मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य आयुक्त दोनों की रिपोर्ट में नाबालिग बेटी को लीवर देने के लिए पूरी तरह से समक्ष और योग्य बताया गया। इसके बाद गुरुवार सुबह 10.30 बजे हुई सुनवाई में कोर्ट ने याचिका स्वीकारते हुए नाबालिग को अपने लीवर का कुछ हिस्सा पिता को देने की अनुमति दे दी।

पिता शिवनारायण के लिए अपना लीवर देने वाली नाबालिग बेटी प्रीति ने कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद कहा कि उनकी लड़ाई अभी बाकी है। कोर्ट ने लीवर ट्रांसप्लांट की अनुमति तो दे दी, लेकिन हम सब मिलकर प्रार्थना करें कि ट्रांसप्लांट पूरी तरह से सफल रहे और मेरे पिता पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौटे। उसने कहा कि हम पांच बहनें हैं। मैं सबसे बड़ी हूं, इसलिए सबसे ज्यादा जिम्मेदारी भी मेरी ही है। हम सभी चाहते हैं कि पापा पहले की तरह ठहाके लगाते हुए हम सबके बीच बात करें।

याचिकाकर्ता प्रीति के वकील एडवोकेट नीलेश मनोरे ने बताया कि उन्होंने अनुमति के लिए शिवनारायण बाथम की ओर से 13 जून को हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस अस्पताल में शिवनारायण भर्ती हैं, वहां के डाक्टरों ने प्रीति की मेडिकल जांच में उसे लिवर देने के लिए पूरी तरह से फिट बताया था, लेकिन कानूनन अड़चनों के चलते उन्हें याचिका दायर करना पड़ी। याचिका पर 14 जून को हुई पहली सुनवाई में कोर्ट ने शासन को नोटिस जारी कर मामले में जवाब मांगा।

चार नए लिंक एक्सप्रेस के लिए मुख्यमंत्री ने मांगा प्रस्ताव, कहा अध्ययन कर तैयार करें विस्तृत कार्ययोजना

## बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेस-वे कवरेज को विस्तार देना आवश्यक: योगी

- औद्योगिक कॉरीडोर और डिफेंस कॉरीडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा की
- सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर पौधे लगाए जाएं

लखनऊ। एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में निमार्णाधीन एवं नवीन एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं तथा औद्योगिक कॉरीडोर और डिफेंस कॉरीडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बीते 07 वर्ष में उत्तर प्रदेश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। 2017 तक मात्र 02 एक्सप्रेस-वे वाले इस प्रदेश में आज 06 एक्सप्रेस-वे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग भी 07 वर्ष पहले की तुलना में लगभग दोगुने हो गए हैं। आज उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेस-वे प्रदेश के रूप में नई पहचान मिल रही है। मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाली गंगा एक्सप्रेस-वे प्रत्येक दशा में आगामी दिसंबर तक आम जनता के लिए उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखें, ताकि प्रयागराज कुंभ 2025 में देश-दुनिया के श्रद्धालुगण गंगा एक्सप्रेस-वे पर यात्रा का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण की प्रगति संतोषजनक है।



गोरखपुर, संतकबीर नगर, आजमगढ़ और अम्बेडकर नगर जनपद के लिए यह शानदार कनेक्टिविटी का माध्यम बनेगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस का निर्माण समयबद्ध ढंग से पूरा करा लिया जाए। जन आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए बुंदेलखंड की जीवनरेखा बन चुके बुंदेलखंड एक्सप्रेस को चित्रकूट से जोड़ने के लिए कार्यवाही तेज की जाए। इसके लिए बजट भी प्राविधानित की जा चुकी है। यह बुंदेलखंड की कनेक्टिविटी को और बेहतर करने में बड़ा सहायक होगा। कार्य की गुणवत्ता और परियोजना की समयबद्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेस-वे कवरेज को और विस्तार देने की आवश्यकता है। जेवर में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट बन रहा है, इसे एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाना चाहिए। इसके लिए, गंगा एक्सप्रेस-वे से जेवर एयरपोर्ट तक लिंक एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया जाना उचित होगा। इसी प्रकार, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे तक लिंक एक्सप्रेस-वे तथा गंगा एक्सप्रेस-वे से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे तक वाया फरुर्खाबाद एक नया लिंक एक्सप्रेस-वे बनाया जाना चाहिए। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे के साथ-साथ यह तीन नए एक्सप्रेस-वे प्रदेश की तरक्की की तेज करने वाले होंगे। इस संबंध में प्रारंभिक अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर पौधे लगाए जाएं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश को रक्षा उत्पादन का हब बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाली उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल में देश-दुनिया की बड़ी रक्षा उत्पाद निमार्ता कंपनियां निवेश कर रही हैं। अब तक 24 हजार करोड़ से अधिक का निवेश डिफेंस कॉरीडोर में हो चुका है।

### सपा के मन में भारतीय इतिहास व संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं: योगी

**लखनऊ।** सेंगोल पर समाजवादी पार्टी के नेताओं की टिप्पणी पर सीएम योगी ने करारा प्रहार किया है। अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर सीएम योगी ने लिखा कि यह सपा नेताओं की अज्ञानता को दशार्ता है। सीएम योगी ने लिखा कि समाजवादी पार्टी के मन में भारतीय इतिहास और संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं है। सेंगोल पर उनके शीर्ष नेताओं की टिप्पणियां निंदनीय हैं। यह उनकी अज्ञानता को दशार्ती है। यह विशेष रूप से तमिल संस्कृति के प्रति इंडी गठबंधन की नफरत को भी दशार्ता है। सीएम योगी ने लिखा कि सेंगोल भारत का गौरव है। यह सम्मान की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसे संसद में सर्वोच्च सम्मान दिया। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के सांसद आरके चौधरी ने विगत दिनों प्रोटेम स्पीकर को पत्र लिखकर सेंगोल पर टिप्पणी की थी।

## राष्ट्रहित के आगे व्यक्तिगत व सामूहिक हितों का त्याग करें : कर्नल पीएन सिंह

मुरादाबाद। एजेंसी

नौवीं यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी मुरादाबाद द्वारा आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में चल रहे दस दिवसीय सयुंक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के नवें दिन गुरुवार को कैडिटों को राष्ट्रीय एकता का पाठ पढ़ाया गया। प्रशिक्षण शिविर में मुरादाबाद, धामपुर, मोरना, बिजनौर, चन्दौसी, अमरोहा, रामपुर के विभिन्न कालिजों की 530 छात्रा एनसीसी कैडिटस भाग ले रहे हैं। शिविर के कैम्प कमांडेन्ट कर्नल पीएन सिंह हैं। प्रथम सत्र में कैम्प कमांडेन्ट कर्नल पीएन सिंह ने कैडिटों का बताया कि किसी राष्ट्र के व्यक्तियों में समान हित के आधार पर विकसित ह्यहमह्न की वह भावना जो उन्हें क्षेत्र, जाति, लिंग, धर्म की भिन्नता होते हुए भी अपने राष्ट्र के समूह से बांधती है तथा वे राष्ट्रहित के आगे व्यक्तिगत व सामूहिक हितों का त्याग करते हैं राष्ट्रीय एकता के लाभ के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने आगे बताया कि यह देशवासियों को स्थान, भाषा, जाति, धर्म व संस्कृत के भेदभाव को मुलाकात एक सूत्र में बांधती हैं।



द्वितीय सत्र में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन प्रांत उपाध्यक्ष व गायकोलोजिस्ट डा. बबीता गुप्ता ने बालिका कैडिटों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के टिप्स बताए तथा समय-समय पर महिलाओं को होने वाली स्वास्थ्य संबंधी कमियों से अवगत कराया। इस मौके पर कैम्प एड्जुटेन्ट कैप्टन सुनीता, कैप्टन मनी बंसल, कैप्टन ममता रानी, कैप्टन इन्दिरा, लेफ्टिनेन्ट नंन्दिनी, थर्ड आफीसर कंचन, जीसीआई करुणा त्यागी, केयर टेकर अल्का चौहान, रश्मि पांडे, डा. रुचि आर्या सूबेदार मेजर पूरन सिंह, सूबेदार नन्दु कुमार, नायाब सूबेदार राजेन्द्र सिंह, हवलदार पपप्न, संजीत, अजय, सोमपाल सिंह, भीम सिंह, पुष्पा, साबरी शर्मा एंव एनसीसी कैडिट्स मौजूद रहीं।

### पूर्व विधायक के बेटे की गोली कांड में गिरफ्तारी कानून व्यवस्था का सबूत : जय राम

सोलन। एजेंसी

जिला सोलन के नालागढ़ में होने वाले विधानसभा उपचुनावों के लिए कांग्रेस व भाजपा अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करवाने के लिए पूरा जोर लगाने में जुटे हैं। भाजपा प्रत्याशी के.एल. के समर्थन में वीरवार को नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने मंझोली में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो सरकार झूठे वायदे करके सत्ता में आई है वह नालागढ़ का विकास कैसे करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने नालागढ़ में विकास रोकने का ही कार्य किया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ( सुक्खू ) पर विकास के नाम पर जनता के साथ छल करने के आरोपी लगाते हुए उन्होंने कहा कि अभी तक अपने किए वायदों पर टालमटोल ही किया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की तस्वीर बदलने वाली है जिसके लिए नालागढ़ का योगदान होना चाहिए। बकौल जयराम ये होकर रहेगा। यह बात वह दावे के



साथ बोल सकते हैं क्योंकि सत्ता सीन सरकार में बैठे लोग जो मौके का इंतजार कर रहे हैं वहीं इस काम को अंजाम देंगे। उन्होंने कहा कि नालागढ़ का भी कद बढ़ेगा। इसके लिए जनता से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि नालागढ़ के लोग भारी मतों से के.एल. ठाकुर की जीत सुनिश्चित करें। यह आपका अपना ठाकुर है, कहीं बाहर से आया हुआ नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि 13 जुलाई को मतगणना वाले दिन के.एल. ठाकुर नालागढ़ से अपनी जीत दर्ज करेंगे और एक बार फिर वह विधानसभा पहुंचेंगे। लेकिन इस बार वह निर्दलीय नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के विधायक बनकर पहुंचेंगे।

### दो भाईयों के बीच विवाद में हुई फायरिंग

फिरोजाबाद। थाना जसराना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार की देर रात्रि दो भाइयों के विवाद के दौरान चलाई गई गोली लगने एक महिला घायल हो गई। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। थाना जसराना क्षेत्र के गांव कटैना हर्षा निवासी दो भाई सुधीर व सर्वेश में बीती देर रात्रि शराब के नशे में विवाद हो गया। मामला तूल पकड़ गया। दोनों भाईयों के बीच गाली गलौज के साथ मारपीट होने लगी। आरोप है कि इस दौरान किसी एक भाई ने फायरिंग कर दी। गोली पड़ोस की महिला सुनीता पत्नी राघव को लगी। जिससे वह घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी दोनों भाई मौके से फरार हो गए। गोली लगने की घटना से गांव में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही थाना जसराना पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल घायल महिला को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। जहां से हालत नाजुक होने पर महिला को आगरा रेफर कर दिया गया है और उसका उपचार जारी है। इस संबंध में एएसपी ग्रामीण रण विजय सिंह ने गुरुवार को बताया कि दो भाइयों में शराब के नशे में विवाद हुआ था। जिसमें किसी एक भाई ने गोली चला दी, जो महिला को लगी है।

# द. अफ्रीका, अफगानिस्तान को नौ विकेट से हराकर फाइनल में



● टी-20 विश्वकप सेमीफाइनल मैच में ऑल आउट होने का किसी टीम का सबसे न्यूनतम स्कोर है
● दक्षिण अफ्रीका की ओर से मार्को यानसन और तबरेज शम्सी ने तीन-तीन विकेट लिये

**टरूबा। एजेंसी**

गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन और उसके बाद रीजा हेंड्रिक्स नाबाद (29) तथा कप्तान एडन मारक्रम नाबाद (23) रनों की शानदार पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका टी-20 विश्वकप के पहले सेमीफाइनल में मुकाबले में अफगानिस्तान को नौ विकेट से हराकर पहली बार फाइनल में पहुंच गई है। त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेल गये सेमीफाइनल में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरूआत बेहद खराब रही और उसका कोई भी बल्लेबाजी दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका। केवल अजमतउल्लाह उमरजई ने सर्वाधिक (10) रन बनाये। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने अफगानिस्तान की पूरी टीम को 11.5 ओवर में 56 रन पर समेट दिया। यह टी-20 विश्वकप सेमीफाइनल मैच में ऑल आउट होने का किसी टीम का सबसे न्यूनतम स्कोर है।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से मार्को यानसन और तबरेज शम्सी ने तीन-तीन विकेट लिये। कगिसो रबाडा और एनरिक नॉर्टजे ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। 57 रनों के छोट लक्ष्य को दक्षिण अफ्रीका ने 8.5 ओवर में एक विकेट पर 60 रन बनाकर नौ विकेट से जीत लिया। इसी के साथ ही दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका फजलहक फारुकी ने क्विंटन डिकॉक को बोल्ड कर दिया। क्विंटन डिकॉक (5) रन बनाये। रीजा हेंड्रिक्स ने 25 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद (29) तथा कप्तान एडन मारक्रम ने 21 गेदों में चार चौकों की मदद से नाबाद (23) रनों की पारी खेली।

## आईओसी ने खेल और खेल से कहीं अधिक कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**जिनेवा। एजेंसी**




अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को 'खेल और खेल से कहीं अधिक' कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। इसका उद्देश्य खेल के आनंद और मनोरंजन तथा प्रशंसकों के अनुभव का जश्न मनाकर ओलंपिक को दुनिया भर के लोगों के दिलों और जीवन के करीब लाना है।

पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों की शुरूआत से एक महीने पहले, आईओसी इस नए मंच के माध्यम से मानवीय संबंध, व्यक्तिगत सशक्तिकरण और विकास, अवसरों और सपनों को साकार करने की कोशिश कर रहा है। आईओसी ने कहा कि कार्यक्रम एक लघु फिल्म के साथ शुरू होगा, जिसकी शुरूआत पेरिस की सड़कों पर होती है, जहाँ अगले महीने 33वें ओलंपियाड के खेल शुरू होंगे। यह ओलंपिक भावना का अनुसरण करता है - जिसका प्रतिनिधित्व एक जादुई, अदृश्य शक्ति द्वारा किया जाता है जो दुनिया भर में यात्रा करती है, सभी उम्र और पृष्ठभूमि के लोगों से जुड़ती है, और उनमें कई तरह की भावनाओं को प्रेरित करती है। इसमें ओलंपिक की दिग्गज जिमनास्ट नादिया कोमनेसी को आम एथलीटों के साथ दिखाया गया है, जो ओलंपिक भावना की सार्वभौमिकता और सभी लोगों के जीवन को छूने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डालती है। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ह्लखेल ओलंपिक खेलों के केंद्र में है। लेकिन वे इससे कहीं बढ़कर हैं। वे प्रतिस्पर्धा से परे हैं। वे ओलंपिक मूल्यों को जीने, भावनाओं को महसूस करने, अवसरों का आनंद लेने, अद्भुत यादों को साझा करने के बारे में हैं। यह ओलंपिक खेलों की अनूठी और स्थायी भावना है जिसे हम पेरिस 2024 और उसके बाद देखने वाले हैं।

## क्रिस सिल्वरवुड ने श्रीलंका के मुख्य कोच पद से दिया इस्तीफा

**कोलंबो। एजेंसी**



क्रिस सिल्वरवुड ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए श्रीलंका क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने गुरुवार को घोषणा की। सिल्वरवुड का इस्तीफा पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने के टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद आया है। जयवर्धने, जो पिछले जनवरी से एक साल के अनुबंध पर थे, ने छह महीने बाद ही इस्तीफा दे दिया।

इस बीच, सिल्वरवुड ने कहा एक अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब है प्रियजनों से लंबे समय तक दूर रहना। अपने परिवार के साथ लंबी बातचीत और भारी मन से, मुझे लगता है कि अब मेरे लिए घर लौटने और उनके साथ कुछ अच्छा समय बिताने का समय आ गया है। सिल्वरवुड ने श्रीलंका क्रिकेट और अन्य विभागों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने अप्रैल 2022 में मुख्य कोच के रूप में उनकी नियुक्ति के बाद से उनके साथ काम किया। उन्होंने कहा मैं श्रीलंका में अपने कार्यकाल के दौरान खिलाड़ियों, कोचों, बैकरूम स्टाफ और एसएलसी के प्रबंधन को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ। आपके समर्थन के बिना, कोई भी सफलता संभव नहीं होती। श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा बनना मेरे लिए वास्तव में सम्मान की बात है और मैं कई प्यारी यादें अपने साथ ले जाऊंगा। उनके कार्यकाल में, श्रीलंका ने 2022 में टी20 एशिया कप जीता और 2023 एशिया कप में उपविजेता भी रहा। इसके अतिरिक्त, टीम ने घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर कई द्विपक्षीय श्रृंखलाएँ जीतीं। इनमें 50 ओवर के प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला जीत और बांग्लादेश पर दो टेस्ट सीरीज जीत शामिल है।

## एक नजर

### आईसीसी ने अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को लगाई फटकार, दिया एक डिमेरिट अंक



**किंग्सटाउन।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को 24 जून को टी 20 विश्व कप 2024 में बांग्लादेश पर अपनी टीम की रोमांचक जीत के दौरान अपने साथी खिलाड़ी के प्रति असंतोष दिखाने के लिए फटकार लगाई है। आईसीसी की ओर से बुधवार देर रात जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि राशिद को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया है, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके निकट अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान फेंकने से संबंधित है। इसके अलावा, राशिद के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिसके लिए यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था।

### फाइनल अधिक मुश्किल है, पिछले अनुभवों को भुलाकर खेल पर ध्यान देना होगा: मारक्रम



**टरूबा।** सेमीफाइनल मे मुकाबले में मिली एकतरफा जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम ने कहा कि फाइनल अधिक मुश्किल है, हमें पिछले अनुभवों को भुलाकर खेल पर ध्यान देना होगा।

अफगानिस्तान को सेमीफाइनल में हराने के बाद मारक्रम ने कहा कि फाइनल में पहुंचने पर काफी खुश हूं। हालांकि यह केवल कप्तान की वजह से नहीं होता, इस सफलता के पीछे पूरी टीम का सामूहिक प्रयास है। अंडर 19 विश्व कप की तुलना में यह फाइनल अधिक मुश्किल है। इन दोनों की तुलना नहीं हो सकती। उन्होंने खिलाड़ियों से गुजारिश करते हुए कहा कि पिछले अनुभवों को भुलाकर अपने खेल की ओर ध्यान देना होगा। प्लेयर ऑफ द मैच मार्को यानसन ने अपने टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी बस यही योजना थी कि गेंद को सही जगह पर करें। उन्होंने कहा कि वह चीजों को साधारण रखना चाहते थे।

## सार्वजनिक निर्माण विभाग अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर साइट निरीक्षण के दौरान नहीं लिखते हैं निरीक्षण नोट

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। एक ओर जहाँ राजस्थान में चल रही भजनलाल सरकार सरकारी विभागों में जीरो टॉलरेंस नीति के साथ प्रशासनिक सुधार की बात कर रही है वहीं सार्वजनिक निर्माण विभाग के पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार मैं मलाईदार पदों पर नियुक्त अधिकारी अपनी पुरानी आदतों से बाज़ नहीं आ रहे हैं।

सार्वजनिक निर्माण विभाग में यह नियम है कि जब भी कोई इंजीनियर साइट विज़िट पर जाता है तो वो है कार्य में कमी होने पर ठेकेदार को मौखिक रूप से न कहकर वहाँ पर निरीक्षण नोट डालता है और उसकी कमियां बताता है लेकिन सार्वजनिक निर्माण विभाग अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर साइट निरीक्षण के दौरान निरीक्षण नोट नहीं डालकर मौखिक तौर पर काम में हो रही अनियमितता और कमियों को बताते हैं।

## टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे संस्करण की मेजबानी करेगा लंदन

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे संस्करण का आयोजन इंग्लैंड की राजधानी लंदन में होगा। ग्लोबल शतरंज लीग, अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) और टेक महिंद्रा के बीच का एक संयुक्त पहल है। पहले संस्करण की अपार सफलता के बाद, लीग का लक्ष्य दुनिया के शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों को सबसे ऐतिहासिक शहरों में से एक में एकजुट करना है। शीर्ष खिलाड़ियों से सजी 10-दिवसीय अनूठी शतरंज लीग 3 से 12 अक्टूबर, 2024 तक मध्य लंदन के केंद्र में स्थित फ्रेंड्स हाउस में आयोजित होगी। दुनिया भर के फैन्स से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर, यूरोपीय क्षेत्र में शतरंज के लिए तेजी से बढ़ते फैन बेस और उत्साह से जुड़ने के लिए ही दूसरे संस्करण के लिए लंदन को मेजबान के रूप में चुना गया है।

अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष अर्काडी ड्वोर्कोविच ने कहा उद्घाटन संस्करण को मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद, हम दुनिया भर में शतरंज की पहुंच का विस्तार करने और शतरंज प्रशंसकों के लिए नए अनुभव लाने के अपने मिशन को जारी रखने के लिए उत्साहित हैं। आधुनिक शतरंज इको सिस्टम में एक नए युग की शुरूआत करने के लिए टेक महिंद्रा की प्रतिबद्धता सराहनीय है, और हमें विश्वास है कि लीग का दूसरा संस्करण खेल को और आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सही मंच और प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

दूसरे संस्करण में दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और उभरते सितारे शामिल हैं। टेक महिंद्रा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक मोहित जोशी ने कहा शतरंज और व्यवसाय में नियोजन, गति, रणनीति और रिस्क मैनेजमेंट जैसे महत्वपूर्ण मूल्य समान हैं। प्रौद्योगिकी के समावेश से रोमांचक नए अवसर खुलते हैं, जिससे दोनों क्षेत्रों में बदलाव आता है। ग्लोबल शतरंज लीग का दूसरा संस्करण शतरंज के वैश्विक विकास के लिए एक अनूठा मंच तैयार करता है।

इस टूर्नामेंट में, खिलाड़ी एक अद्वितीय जॉइंट टीम फॉर्मेट में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें छह खिलाड़ी शामिल होंगे। इसमें प्रत्येक टीम में दो शीर्ष महिला शतरंज खिलाड़ी और एक प्रॉडिजी खिलाड़ी शामिल होगा। प्रत्येक टीम डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में कुल 10 मैच खेलेगी, जिसमें प्रत्येक मैच के विजेता का फैसला बेस्ट-ऑफ-सिक्स बोर्ड स्कोरिंग सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा।

## सेमीफाइनल मुकाबले को लेकर रोहित ने कहा- हमारे लिए यह एक आम मैच की तरह

**जॉर्जटाउन। एजेंसी**



इंग्लैंड के खिलाफ आज खेले जाने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल मैच से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि भारत इस मुकाबले को भी एक आम मैच की तरह ही लेगा और इस बात पर जोर नहीं देगा कि यह नॉकआउट मैच होगा। भारतीय खिलाड़ी इसके संदर्भ को भूलने की कोशिश करेंगे ताकि टीम पर ज्यादा दबाव न पड़े। जॉर्जटाउन में सेमीफाइनल मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में भारतीय कप्तान ने कहा हम इस मैच को इस टूर्नामेंट में खेले गए एक अन्य मैच की तरह ही लेना चाहते हैं। हम इस बारे में नहीं सोचना चाहते कि आगे क्या होने वाला है और मैच का संदर्भ क्या है। हर किसी के मन में यह बात है कि यह सेमीफाइनल है। लेकिन आप इसके बारे में बार-बार बात नहीं करना चाहते। और न ही इस बारे में सोचना चाहते हैं कि अतीत में क्या हुआ है।

भारत ने टी-20 विश्व कप में अभी तक अपने सभी मैच जीते हैं, सिवाय कनाडा के खिलाफ मियामी में खेले गए मैच के जो बारिश की भेंट चढ़ गया था। मुकाबले की नॉकआउट प्रकृति के बारे में बहुत अधिक सोचने से, उन्हें लगा कि खिलाड़ी खुद की मदद नहीं कर पाएंगे। कप्तान ने कहा पूरा समूह अच्छी मानसिक स्थिति में है। हम एक टीम के रूप में अच्छा खेल रहे हैं, एक-दूसरे की कंपनी का आनंद ले रहे हैं, और कई बार एक-दूसरे की सफलता का भी आनंद ले रहे हैं। मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट में हम जो कर रहे हैं, उसे जारी रखना महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम पिछले कुछ समय से आईसीसी ट्रॉफी जीतने से दूर है और हाल के दिनों में, वे ऑस्ट्रेलिया में 2022 में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल, पिछले साल वनडे विश्व कप के फाइनल और दो बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में हार गए।

रोहित ने मुकाबले के लिए टीम के दृष्टिकोण के बारे में कहा हम फाइनल के बारे में नहीं सोचना चाहते, जो अभी बहुत दूर है। हम इस बारे में सोचना चाहते हैं कि हम कितना अच्छा खेल सकते हैं और एक टीम के रूप में हम वह परिणाम हासिल करने के लिए क्या कर सकते हैं जिसकी हमें तलाश है। कभी-कभी अगर आप बहुत ज्यादा सोचते हैं, तो आप मैदान पर वो निर्णय नहीं ले पाएंगे जो आप लेना चाहते हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने दिमाग में स्पष्ट रहें कि हम क्या करना चाहते हैं। हमने खिलाड़ियों के साथ काफी बातचीत की है, कि हम में से प्रत्येक से क्या अपेक्षा की जाती है। इसलिए, अब समय आ गया है कि हम केवल व्यक्तिगत प्रवृत्ति पर भरोसा करें और फिर खेल को आगे बढ़ाएं।

भारतीय कप्तान ने इस धारणा को खारिज कर दिया कि उन्हें यह जानकर फायदा हुआ है कि वे अपना सेमीफाइनल कहां खेलेंगे, जबकि इंग्लैंड को इसकी जानकारी नहीं थी। रोहित ने कहा मुझे नहीं लगता कि यह कोई फायदा है।

# वाणिज्य

## शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी सेंसेक्स 79 हजार के स्तर के पार पहुंचा

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में मजबूती का नया रिकार्ड बनाने का सिलसिला तीसरे दिन भी जारी है। कारोबार की शुरूआत भी ओपनिंग का ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड बनाने के साथ हुई। शुरूआती कारोबार में मुनाफा वसूली की वजह से कुछ देर के लिए शेयर बाजार लाल निशान में भी कारोबार करता रहा। लेकिन इसके बाद एक बार फिर खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने की वजह से शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन मजबूती का नया रिकार्ड बनाने में सफल रहा। बीएसई का सेंसेक्स आज पहली बार 79 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.38 प्रतिशत और निफ्टी 0.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती पहले घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, जेएसडब्ल्यू स्टील और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 4.29 प्रतिशत से लेकर 1.07 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एचसीएल टेक्नोलॉजी, मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और कोल इंडिया के शेयर 0.85 प्रतिशत से लेकर 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,222 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,313 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 909 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत एशियाई बाजारों में भी बिकवाली का दबाव

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट में आज दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार मजबूती के साथ बंद हुए थे। लेकिन डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार कमजोरी बनी रही। इसी तरह एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना हुआ है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,477.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,805.16 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 39,051.42 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण यहां के तीनों प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.27 प्रतिशत टूट कर 8,225.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.69 प्रतिशत टूट कर 7,609.15 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

## सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख, सोना और चांदी सस्ते हुए

नई दिल्ली। घरेलू सराफा बाजार में दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर बाजारों में सोना और चांदी के भाव में गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण 24 कैरेट आज 72,650 रुपये से लेकर 71,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,590 रुपये से लेकर 65,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण आज दिल्ली सराफा बाजार में चांदी 89,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 72,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## इंडिया सीमेंट्स की 23 फीसदी हिस्सेदारी 1,885 करोड़ रुपये में खरीदेगी अल्ट्राटेक

नई दिल्ली। देश में प्रमुख सीमेंट निमार्ता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट्स में 23 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया है। चेन्नई स्थित इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड के 7.06 करोड़ स्टॉक्स को 267 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से अल्ट्राटेक खरीदेगी। इस सौदे की कुल कीमत करीब 1,885 करोड़ रुपये हो सकती है। अल्ट्राटेक सीमेंट्स ने गुरुवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी है। आज बाजार में कारोबार के दौरान इंडिया सीमेंट्स के शेयर में 11.43 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। ये 292.63 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। पिछले 5 दिन में इंडिया सीमेंट्स के शेयर में 26.52 फीसदी और एक महीने में 37.06 फीसदी की तेजी देखने को मिली है।

## कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 85 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। ब्रेंड क्रूड 0.28 डॉलर यानी 0.33 फीसदी लुढ़ककर 84.97 डॉलर और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.32 डॉलर यानी 0.40 फीसदी फिसलकर 80.58 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रो पदार्थ की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## संक्षिप्त समाचार

### आदिवासी युवा शक्ति का मदन दिलावर के खिलाफ प्रदर्शन, डीएनए सैंपल देने की मांग



**चमकता राजस्थान। कोटाः!** आदिवासी युवा शक्ति कोटा के तत्वावधान में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विवादित बयान के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष पवन मीणा के नेतृत्व में, सैकड़ों युवाओं ने घटोत्कच चौराहे पर इकट्ठा होकर मोटर बा-इक से नारेबाजी करते हुए मदन दिलावर के आवास की ओर मार्च किया। पुलिस प्रशासन ने रोकने की कोशिश की, लेकिन पवन मीणा उपमहापौर की समझाइश पर सभी दिलावर के कार्यालय पर ज्ञापन देने के लिए सहमत हुए।आदिवासी युवाओं ने शिक्षा मंत्री के बयान का विरोध करते हुए अपने ब्लड के सैंपल दिए और मांग की कि उनका डीएनए टेस्ट कराया जाए। युवाओं का कहना है कि वे अपने पूर्वजों की अस्मिता और सम्मान की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पवन मीणा ने कहा, ₹हम आदिवासी युवाओं के खून के सैंपल देकर शिक्षा मंत्री को यह संदेश देना चाहते हैं कि हमें हमारी पहचान पर गर्व है और हम इसे साबित करने के लिए तैयार हैं। अगर मंत्री महोदय को हमारी पहचान पर शक है, तो वे डीएनए टेस्ट करवा सकते हैं।₹मौके पर बुलाए गए मेडिकल टीम ने ब्लड सैंपल लिए, जो शिक्षा मंत्री दिलावर के निजी सचिव को सौंपे गए। इस विरोध प्रदर्शन में पवन मीणा पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष, अशोक मीणा, सोनू मीणा रामपुरिया, अविनाश बैरवा, हरिओम मीणा, राहुल मीणा, सुमित मीणा, दीपक मीणा, अजय, रोहित मेघवाल, ज्ञानी मीणा, सोनू मीणा जुबली अध्यक्ष, मुरली मीणा, रामस्वरूप मीणा, अभिषेक मीणा, हरिशंकर मीणा, दीपक मीणा, सोनू भोरा समेत सैकड़ों छात्र और युवा साथी उपस्थित रहे।उपमहापौर पवन मीणा ने चेतावनी दी कि अगर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया, तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस आंदोलन ने आदिवासी समाज के प्रति शिक्षा मंत्री के विवादित बयान के खिलाफ एकजुटता का परिचय दिया है।

### नगर निगम हेरिटेज में मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण हेतु प्रशिक्षण का आयोजन



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)। 27 जून।** नगर निगम हेरिटेज में गुरुवार, 27 जून को मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण मे चिकित्सा विभाग से डिप्टी डायरेक्टर मलेरिया डॉ. निर्मला शर्मा, कंसल्टेंट मलेरिया सौनी, जिला स्तर से उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. इंद्रा गुप्ता, एपिडेमियोलॉजिस्ट, डॉ. बबीता सिंह, कंसल्टेंट मलेरिया सीताराम जाट, सचिन गुप्ता नगर निगम डिप्टी कमिश्नर हैल्थ, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सोनिया अग्रवाल सहित मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक व स्वास्थ्य निरीक्षक अन्य स्टाफ उपस्थित रहा प्रशिक्षण में मौसमी बीमारियों के फैलने को रोकने के लिए किए जाने वाले कार्य के बारे में जानकारी दी गई साथ ही नियमित रूप से एंटीलार्वा गतिविधिया, फागिंग करने के सही तरीके के बारे में बताया गया ' स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा इकट्ठा कचरा, रुका हुआ पानी, रुकी हुई नालियां आदि समस्या ओडीके एप में डाली गई सूचना का निराकरण कर पुनः ओडीके एप में डालने की जानकारी दी गई प्रशिक्षण के दौरान मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक व स्वास्थ्य निरीक्षक को ट्रेनिंग दी गई और लाइव डेमोंस्ट्रेशन दिया गया।

### केबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने की रेल मंत्री वैष्णव से शिष्टाचार मुलाकात

- कर्नल राठौड़ ने अश्विनी वैष्णव से आईटी के माध्यम से राजस्थान में लाभार्थियों तक मोदी की गारंटी पहुंचाने पर भी की बातचीत
- झोटवाड़ा क्षेत्र में आधुनिकीकरण सहित रेल क्रॉसिंगों पर आरओबी-अंडरपास निर्माण आदि मुख्य मुद्दों पर रखा मजबूत पक्ष



**चमकता राजस्थान।** जयपुर (खलील कुरैशी )केबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की और कुशलक्षेम जाना। इस दौरान सर्वोदय से अंत्योदय को मजबूत करने और सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से राजस्थान में लाभार्थियों तक पीएम मोदी की गारंटी को पहुंचाने पर सार्थक सकारात्मक चर्चा हुई।कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि हमारा प्रयास और संकल्प अगले 5 वर्षों में झोटवाड़ा में रेल क्रॉसिंगों पर आरओबी/अंडरपास निर्माण, ट्रेनों के ठहराव एवं परिचालन व विकसित झोटवाड़ा के लिए रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण करना है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में हम सभी झोटवाड़ा के समग्र विकास के लिए संकल्पित हैं।

## एसीबी ने भ्रष्टाचारीयों पर कसा कानूनी शिकंजा

# भरतपुर में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

चमकता राजस्थान




जयपुर! (खलील कुरैशी) 27 जून, गुरुवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. भरतपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये डॉ. कृष्णदत्त शर्मा खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कामां, जिला डीग एवं राकेश कुमार सैनी सहायक कर्मचारी कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कामां, जिला डीग को परिवादी से 25 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की भरतपुर इकाई को ए.सी.बी. हैल्पलाईन के माध्यम से परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि उसके नर्सिंग होम में कमी निकाल कर उसे सील करने एवं उसके विरूद्ध थाने में मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर आरोपी डॉ. कृष्णदत्त शर्मा खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कामां, जिला डीग एवं अन्य द्वारा 1 लाख रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में ए.सी.बी. भरतपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी डॉ. कृष्णदत्त शर्मा खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कामां, जिला डीग एवं राकेश कुमार सैनी सहायक कर्मचारी कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कामां, जिला डीग को परिवादी से 25 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपीगण द्वारा शिकायत से पूर्व 45 हजार रुपये एवं शिकायत के सत्यापन के दौरान भी 10 हजार रुपये रिश्वत के रूप में परिवादी से वसूल कर लिये थे।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपीगण से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वा-रा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टोल-फ्री हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हँ३रंस्त्रस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

# पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय निकायों में उपचुनावों के लिए 30 जून से होंगे मतदान

चमकता राजस्थान



**जयपुर, 27 जून।** पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय निकायों में गत 31 दिसम्बर तक रिक्त हुए पदों के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव करवाए जा रहे हैं। रिक्तियों के आधार पर पंचायतीराज संस्थाओं के 47 जिलों में 6 जिला परिषद सदस्यों, 22 पंचायत समिति सदस्यों, 40 ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों व 37 ग्राम पंचायतों में उपसरपंच तथा 325 वार्डपंचों एवं नगरीय निकायों में 11 जिलों के 15 नगरीय निकायों के 11 वार्ड पार्षदों, 2 अध्यक्ष, एक-एक उपाध्यक्ष, सभापति और उपसभापति के उपचुनावों के लिए 30 जून से मतदान प्रारंभ होंगे।

राज्य निर्वाचन आयुक्त मधुकर गुप्ता ने गुरुवार को शासन सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता में इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गत 7 जून को आयोग द्वारा उपचुनाव कार्यक्रम जारी किया गया था। कार्यक्रम के अनुसार जिला परिषद्, पंचायत समिति, नगर निकाय सदस्यों, सरपंच और वार्डपंच के उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया 22 जून को पूरी की जा चुकी है।

गुप्ता ने बताया कि जिला परिषद् सदस्यों के लिए 11, पंचायत समिति सदस्यों के लिए 35, सरपंच के लिए 106, वार्डपंच के लिए 58, नगर निकाय सदस्यों के लिए कुल 18 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि फलौदी जिले की घंटियाली पंचायत समिति में एक सदस्य, 39 ग्राम पंचायतों में से 8 सरपंच, 325 वार्डों में से 237 वार्डपंच और अनूपगढ नगरपरिषद व चिडावा नगरपालिका में एक वार्ड पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुए है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि निष्पक्ष, पारदर्शी और सरल चुनाव करवाने के लिए आयोग पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिला परिषद् एवं पंचायत समिति सदस्यों, सरपंचों व पंचों और नगरीय निकायों में सदस्य पदों के लिए आगामी 30 जून को मतदान किया जायेगा। इसी क्रम में नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए 8 जुलाई और उपसरपंच पद के लिए एक जुलाई को मतदान किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि न्यायालय के निर्णय उपरांत जोधपुर जिले की बावड़ी पंचायत समिति के गंगाणी ग्राम पंचायत में उपचुनाव स्थगित किया गया है।

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से भारत में नीदरलैंड की राजदूत ने की शिष्टाचार मुलाकात



**चमकता राजस्थान। जयपुर, 27 मार्च।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से भारत में नीदरलैंड की राजदूत मारिसा जेराड्र्स, राजनीतिक मामलों के द्वितीय सचिव जोस्ट वान ओस्टरब्रुगेन, सांस्कृतिक अधिकारी सुश्री श्वेता कौशिक ने गुरुवार को जयपुर भ्रमण के दौरान शिष्टाचार मुलाकात की।

### पावटा में गुस्साए ट्रक ड्राईवर ने यातायात पुलिसकर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, सिर भी फोड़ा

- चालान काटने से की बात से नाराज़ ट्रक ड्राइवर ने साथियों के साथ किया लोहे की रॉड से हमला

**चमकता राजस्थान। शाहपुरा/ पावटा!( खलील कुरैशी)।** पावटा में रॉन्ग साइड में आ रहे ट्रक को रोका तो ड्राइवर और उसके साथियों ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने एक पुलिसकर्मी का लोहे की रॉड से सिर फोड़ दिया। वहीं, दूसरे पर काफी देर तक लात-घूंसे बरसाते रहे। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिसवालों को हमलावरों से बचाया। घायलों को स्थानीय लोगों ने हॉस्पिटल में एडमिट कराया।



घटनाअअ में नेशनल हाईवे-48 पर पावटा चौकी के पास बुधवार शाम 6 बजे की है। थानाधिकारी राजेश मीणा ने बताया कि ट्रैफिक कर्मी छोटेलाल और कृष्ण हमले में घायल हुए हैं। इनमें छोटेलाल को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया है। मीणा ने बताया कि आरोपी ट्रक ड्राइवर पहले तो काफी देर तक बहसबाजी करता रहा। फिर उसने अपने साथियों को बुला लिया। आते ही इन लोगों ने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। एक आरोपी ने पुलिसकर्मी छोटेलाल पर लोहे की रॉड से हमला कर सिर फोड़ दिया, जिससे वह अचेत होकर सड़क पर गिर गया।वहीं, किशन लाल के हाथ में गंभीर चोट आई है।बूथ को भी उड़ाने की धमकी घायल कॉन्स्टेबल कृष्ण सैनी ने बताया कि ट्रक जयपुर से दिल्ली की तरफ रॉन्ग साइड जा रहा था। ड्राइवर को रोका तो उसने पहले तो ट्रक से बूथ को उड़ाने की धमकी दी। इसके बाद ट्रक को सर्विस लेन में खड़ा कर दिया, जिससे जाम लग गया। उसे ट्रक हटाने के लिए कहा तो वह झगड़ा करने लग गया। उसके साथ आए एक आरोपी ने लोहे की रॉड से कॉन्स्टेबल छोटेलाल पर हमला कर दिया। बीच-बचाव के दौरान आरोपी ने रॉड से कृष्ण सैनी पर भी हमला किया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक ड्राइवर की पकड़कर पिटाई कर दी। लेकिन, ड्राइवर अपने साथियों के साथ मौका पाकर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस ने मामले में एक आरोपी युसूफ को गिरफ्तार किया है। वहीं, अन्य की तलाश की जा रही है।

## उदयपुर जिले में थाना हिरणमगरी पुलिस की कार्रवाई

# रात के समय राहगीरों से मोबाइल छीनने वाली गैंग का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

- 23 महंगे मोबाइल बरामद, मोबाइल पर बात कर रहे और हाथ में लेकर चल रहे व्यक्तियों को बनाते हैं निशाना

चमकता राजस्थान



जयपुर/उदयपुर !(खलील कुरैशी ) 27 जून। जिले की हिरण मगरी थाना पुलिस की टीम ने राह चलते लोगों से मोबाइल छीनने वाली गैंग का खुलासा कर दो शातिर स्नैचरों को गिरफ्तार कर 23 महंगे मोबाइल बरामद किए हैं।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि गिरफ्तार किये गए आरोपी अनिल पुत्र रतनलाल आमला घाटी थाना गोवर्धन विलास एवं गोविंद पुत्र कालू लाल लाल नगरी थाना सवीना के रहने वाले हैं। इस गैंग के सदस्य रात 9:00 बजे से 11:00 के बीच पैदल चलते हुए मोबाइल पर बात कर रहे एवं मोबाइल हाथ में लेक-र चल रहे व्यक्तियों को निशाना बनाते है।घटना के संबंध में 21 जून को मोडपूरा थाना गिंगला जिला सलूंबर निवासी धुलाराम ने रिपोर्ट दी कि आज वह अपने साथी मुकेश के साथ पैदल पैदल हंसा पैलेस की तरफ जा रहा था। पीछे से बाइक पर आए तीन लड़कों ने उनके पास बाइक रोकी और झपट्टा मार कर मोबाइल छीन कर भाग गये। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।रात के समय मोबाइल पर बात कर रहे राहगीरों से मोबाइल छीनने की घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष दिशा निर्देश देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ छगन पुरोहित के सुपरविजन एवं एसएचओ दर्शन सिंह के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी सहायता से आरोपी अनिल एवं गोविंद को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।आरोपियों के पास से पुलिस ने लूटे गए विभिन्न कंपनियों के 23 महंगे मोबाइल भी बरामद किए हैं। इस गिरोह के शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए थाना पुलिस की टीम लगातार प्रयास कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जारी है, जिसमें और भी मोबाइल बरामद होने की पूरी संभावना है।

## कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिला स्तरीय सतत विकास लक्ष्य क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक

# सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति लिए तैयार हो बेहतर कार्ययोजना: अतिरिक्त जिला कलक्टर

चमकता राजस्थान



**जयपुर,( खलील कुरैशी) 27 जून।** जिला स्तरीय सतत विकास लक्ष्य क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक का आयोजन गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त जिला कलक्टर अलका विश्नोई की अध्यक्षता में हुआ। समिति के सदस्य सचिव एवं आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक श्री हीरा लाल जाटव ने बताया कि राज्य स्तर पर तैयार किये गये इंडिकेट्रस के आधार पर जयपुर का प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर अलका विश्नोई ने संबंधित विभागों से चर्चा कर अधिकारियों को प्रदर्शन में सुधार के लिए निर्देश प्रदान किये। सभी जिला स्तरीय सतत विकास लक्ष्य क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग समिति के सदस्यों द्वारा अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तर एसडीजी स्टेटस रिपोर्ट 2024 पर विस्तार से चर्चा कर अनुमोदन किया गयाआर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि सतत विकास के लक्ष्यों के अंतर्गत विकास के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरण तीनों आयामों को समन्वित करते हुए सतत विकास 169 लक्ष्य निर्धारित किये गए हैं। एसडीजी बेहतर विश्व के लिए सार्वभौमिक, समन्वित एवं परिवर्तनीय दृष्टिकोण है। इसको गरीबी के सभी आयामों यथा गरीबी उन्मूलन, भुखमरी समाप्त करना, अच्छा स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवन स्तर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल एवं स्वच्छता, पर्यावरण से संबन्धित कार्य, जलीय जीवन में सुधार और इनका संधारणीय तर-ीके से उपयोग सुनिश्चित करना है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929